मंगलवार, 11 नवम्बर 2025

**मौसम**

तापमान 18 – 28
आर्द्रता 73%
सूर्योदय: 5:46 सूर्यास्त: 16:54

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : व्यवहार में संतुलन–संयम बड़ी साधना से ही आता है।




सभी विद्यालयों में अनिवार्य होगा वंदे मातरम का गायन : आदित्यनाथ पृष्ठ 6






RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# लाल किले के पास नरक का मंजर

## कार से लटके, फुटपाथ पर बिखरे दिखे शव



## चलती कार में धमाका, 9 की मौत 24 घायल



- देश भर में हाई अलर्ट
- एनआईए–एनएसजी जांच में जुटीं

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धीमी गति से गुजर रही एक कार में सोमवार शाम जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में व्यस्त समय में हुए विस्फोट के कारण आसपास मौजूद कई वाहन जलकर खाक हो गए, जबकि कई गाड़ियों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। उन्होंने बताया कि विस्फोट में घायल लोगों को लोक नायक जय प्रकाश (एलए–नजेपी) अस्पताल ले जाया गया। दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने कहा कि जिस कार में विस्फोट हुआ, उसमें कुछ लोग सवार थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, विस्फोट एक चलती हुंडई आई20 कार में हुआ, जिसमें तीन लोग सवार थे। हमें घायलों के शरीर में कोई छर्रा या पंचर नहीं मिला है, जो बम विस्फोट में असामान्य है। हम सभी कोण से जांच कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार नदीम खान नामक व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत थी और उस पर हरियाणा की नंबर प्लेट लगी हुई थी। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट के बाद पूरी दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शहर की सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और वाहनों की जांच तेज कर दी गई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक, दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और विस्फोट के कारण लगी आग पर देर शाम 7:29 बजे तक काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा, देर शाम करीब 6:52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास यातायात सिग्नल पर धीमी गति से गुजर रही कार में विस्फोट हो गया। कार के अंदर कुछ लोग सवार थे। अन्य वाहन भी प्रभावित हुए। सभी एजेंसियां–दिल्ली पुलिस, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी)–मौके पर पहुंच गई हैं और स्थिति का जायजा ले रही हैं। फिलहाल किसी भी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि उस मार्ग का पता लगाया जा सके, जहां से कार विस्फोट से पहले गुजरी थी। वह स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से घटना से पहले किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में जानकारी साझा करने के लिए कह रही है। अधिकारियों के मुताबिक, मोबाइल डंप डेटा एकत्र किया जा रहा है और संदिग्ध आतंकवादियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

### दिल्ली पुलिस ने वाहन के मालिक को गुरुग्राम में हिरासत में लिया

दिल्ली पुलिस ने उस कार के मालिक को हिरासत में लिया है जिसमें सोमवार शाम लाल किले के पास विस्फोट हुआ था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कार के मालिक, मोहम्मद सलमान को हरियाणा के गुरुग्राम से हिरासत में लिया है। अधिकारी ने बताया कि सलमान ने अपनी कार ओखला के एक व्यक्ति को बेची थी। कार उसके नाम पर पंजीकृत थी और उस पर हरियाणा की पंजीकरण संख्या थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, दिल्ली पुलिस ने गुरुग्राम पुलिस के साथ मिलकर सोमवार को मोहम्मद सलमान को हिरासत में लिया और उससे कार के बारे में पूछताछ कर रही है। उसने इसे ओखला में देवेंद्र नाम के एक व्यक्ति को बेच दिया था। बाद में, गाड़ी फिर से अंबाला में किसी को बेच दी गई और पुलिस उन लोगों का पता लगा रही है।

## विस्फोट की जांच एजेंसियां पूरी तत्परता से कर रही हैं : अमित शाह



गृह मंत्री अमित शाह घटनास्थल पर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि शीर्ष जांच एजेंसियां लाल किले के पास हुंडई आई20 कार में हुए विस्फोट की पूरी तीव्रता और गहनता से जांच कर रही हैं। अस्प–ताल प्राधिकारियों का हवाला देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि विस्फोट में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए तथा जांचकर्ता घटना की जांच करते समय सभी पहलुओं पर ध्यान दे रहे हैं। शाह ने कहा कि शीर्ष एजेंसियां पूरी तत्परता से घटना की जांच कर रही हैं और वे घटना की गहराई से जांच करेंगी। एलएनजेपी अस्पताल में कुछ घायलों से मिलने के बाद उन्होंने कहा कि जांचकर्ता सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं और किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यह पूछे जाने पर कि क्या यह आतंकवादी हमला था, शाह ने कहा, यह कहना मुश्किल है कि घटना का कारण क्या था। जब तक विस्फोट स्थल से बरामद नमूनों का फॉरेंसिक और एनएसजी द्वारा विश्लेषण नहीं किया जाता, हम कुछ नहीं कह सकते। लेकिन हम किसी भी संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं और सभी कोणों से जांच कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और फॉरेंसिक टीमों ने जांच शुरू कर दी है और उम्मीद जताई कि विस्फोट का सही विवरण जल्द ही सामने आ जाएगा।

## एसएससी घोटाला : पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत पर रिहाई का रास्ता साफ, गवाही प्रक्रिया पूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल भर्ती 'घोटाले' के सिलसिले में तीन साल से अधिक समय से जेल में बंद पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की रिहाई का रास्ता सोमवार को उस समय साफ हो गया, जब कोलकाता की एक अदालत में आठ गवाहों से जिरह पूरी हो गई। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी 18 अगस्त को स्वीकार कर ली थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि उन्हें निचली अदालत में महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज किए जाने के बाद ही जेल से रिहा किया जाएगा। मामले में आठ गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्थ चटर्जी के वकील ने सोमवार को विशेष अदालत के समक्ष याचिका दायर की, जिसमें पार्थ चटर्जी को जमानत पर रिहा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया। पार्थ चटर्जी के वकील ने कहा कि अदालत द्वारा जमानत आदेश पारित करने के बाद पूर्व मंत्री को जेल से रिहा कर दिया जाएगा। बता दें कि पार्थ चटर्जी फिलहाल अस्पताल में हैं। निचली अदालत के निर्देश पर जमानत बांड के निष्पादन के बाद उनकी रिहाई का आदेश दिए जाने की संभावना है।

## आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 2900 किलोग्राम विस्फोटक बरामद, आठ लोग गिरफ्तार

### गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से सात कश्मीर से



**श्रीनगर/फरीदाबाद :** देश के विभिन्न हिस्सों से तीन चिकित्सकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। पुलिस का दावा है कि इन गिरफ्तारियों और जब्ती से जम्मू–कश्मीर, हरियणा और उत्तर प्रदेश में फैले जैश–ए–मोहम्मद और अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार किए गए लोगों में कश्मीर के डॉ. मुजम्मिल गनी और लखनऊ के डॉ. शाहीन शामिल हैं, जिन्हें हिरासत में पूछताछ के लिए श्रीनगर लाया गया। अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार से एक एके–47 राइफल मिली थी। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू–कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस बलों के साथ–साथ केंद्रीय एजेंसियों का संयुक्त अभियान एक बड़ी सफलता है। उन्होंने यह नहीं बताया कि गिरफ्तारियां कब हुईं। पुलिस ने इस अभियान के जरिये जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) और भारत में आईएसआईएस से जुड़े अंसार गजवातुल–हिंद के विनाशकारी मंसूबों को नाकाम करने का दावा किया है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक बयान में बताया कि 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री में अमोनियम नाइट्रेट, पोटैशियम नाइट्रेट और सल्फर शामिल हैं, जिसमें फरीदाबाद में गनी के किराए के मकान से बरामद 360 किलोग्राम ज्वलनशील सामग्री शामिल है। बयान में कहा गया है कि इस विस्फोटक सामग्री के अमोनियम नाइट्रेट होने का शक है। बयान में कहा गया है कि विभिन्न स्थानों से की गई बरामदगी में एक चीनी स्टार पिस्तौल, एक बरेटा पिस्तौल, एक एके–56 राइफल, एक एके क्रिंकॉव राइफल, विस्फोटक, रसायन, रिएजेंट्स, ज्वलनशील सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, बैटरियां, तार, रिमोट कंट्रोल, टाइमर और धातु की शीट शामिल हैं। हरियाणा के अल फला विश्वविद्याल में शिक्षक मुजम्मिल जम्मू- कश्मीर के श्रीनगर में जैश–ए–मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाने के मामले में वांछित था। गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से सात कश्मीर से हैं। इनमें श्रीनगर के नौगाम के निवासी अरिफ निजार डार उर्फ साहिल, यासिर–उल–अशरफ और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद; शोपियां का निवासी मौलवी इरफान अहमद; गंदेरबल के वकुरा का निवासी जमीर अहमद आहंगर उर्फ मुतलशा, पुलवामा के कोइल क्षेत्र का निवासी डॉ. मुजम्मिल अहमद गनी उर्फ मुसैब, कुलगाम के वनपोरा क्षेत्र का रहने वाला डॉ. आदिल और लखनऊ का निवासी डॉ. शाहीन शामिल है।

## एसआईआर 'वोटबंदी' की कवायद, यह तत्काल बंद की जानी चाहिए : ममता



- कहा... 'मेरा गला काट सकते हो, वोटर का नाम मत काटिए'

**सिलीगुड़ी :** मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने को 'वोटबंदी' करार दिया और आयोग से यह कवायद तत्काल रोकने की मांग की। मुख्यमंत्री ने केंद्र पर एसआईआर के नाम पर राज्य सरकार के कर्मचारियों को महीनों तक रोके रखने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्र सरकार पर सुपर इमरजेंसी जैसी स्थिति पैदा करने का भी आरोप लगाया। ममता ने दावा किया कि राज्य कर्मचारियों को अगले साल फरवरी तक रोका जा रहा है, जब अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। उसके बाद चुनावों की घोषणा होगी। राज्य सरकार कब काम करेगी? यह 'एसआईआर' की आड़ में लागू की गयी एक सुपर इमरजेंसी जैसा है। वह उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित राज्य सचिवालय 'उत्तरकन्या' में प्रशासनिक बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी दे रही थीं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जैसे कुछ मुद्राओं को चलन से बाहर करना 'नोटबंदी' थी, वैसे ही एसआईआर 'वोटबंदी' है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एसआईआर के नाम पर लोगों को परेशान कर रही है। ममता ने एसआईआर प्रक्रिया में कथित तौर पर जल्दबाजी करने और लोगों को 'मुश्किल' में डालने के लिए निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव से ठीक पहले एसआईआर कराने की इतनी जल्दी मुझे समझ नहीं आ रही। यह बंगाल की जनता का अपमान है। मैं अपने पहले के रुख पर कायम हूं कि निर्वाचन आयोग को यह प्रक्रिया तुरंत रोकनी चाहिए। मतदाता सूची में संशोधन दो या तीन महीनों में पूरा नहीं हो सकता। इसे जबरदस्ती अंजाम दिया जा रहा है।

### चुनाव आयुक्त पर मुख्यमंत्री ने साधा निशाना

ममता ने मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए कहा कि मुझे याद है जब श्री शेषन चुनाव आयुक्त थे, उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग जनता के लिए है, सरकार के लिए नहीं। मुझे यह देखकर दुख होता है कि इसके वर्तमान प्रमुख केवल 'जी सर', 'जी सर' कहते रहते हैं। आप बिहार में ऐसा (श्रीमान) कर सकते थे क्योंकि आप इससे बच सकते थे, लेकिन बंगाल में नहीं, जहां हम आपसे हर कदम पर सवाल करेंगे। हम उन्हें हर कदम पर पकड़ेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हर वास्तविक मतदाता वोट दे सके।

### ऋचा घोष के नाम पर बनेगा सिलीगुड़ी में स्टेडियम, ममता का एलान

भारतीय महिला टीम की स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक और तोहफा दिया है। उन्होंने एलान किया है कि सिलीगुढ़ी में युवा खिलाड़ी के नाम पर स्टेडियम बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋचा क्रिकेट स्टेडियम चांदमणि चाय बागान में 27 एकड़ के भूखंड पर बनाया जाएगा। यह बंगाल की एक चमकदार खेल प्रतिभा, ऋचा को सम्मानित करने और उत्तर बंगाल के युवा क्रिकेटरों को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है। राज्य सरकार जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू करेगी।

## दूसरे चरण के मतदान के लिए आज बिहार में चाक–चौबन्द सुरक्षा

- 3.7 करोड़ मतदाता 122 सीटों पर करेंगे 1,302 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आज होने वाले मतदान के दौरान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए चार लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य में दूसरे और अंतिम चरण के तहत 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 45,399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 40,073 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। राज्य पुलिस सूत्रों के अनुसार, लगभग 8,491 मतदान केंद्रों (पीएसएल) को संवेदनशील के तौर पर चिह्नित किया गया है, जहां सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती और विशेष निगरानी रहेगी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में चुनाव–पूर्व ड्यूटी के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की करीब 500 कंपनियां (लगभग 50,000 जवान) पहले से तैनात थीं।




## महिला सुरक्षा कानूनों का दुरुपयोग

यह धारणा बना ली गई है कि हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ ज्यादा अपराध होते रहे हैं। लेकिन हाल ही में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले कथित अपराधों से जुड़े झूठे मामलों में भी यह राज्य सबसे ऊपर है। जो कि एक गंभीर विरोधाभास को दर्शाता है। पुलिस आंकड़ों पर नजर डालें तो हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की लगभग 45 फीसदी शिकायतें झूठी पायी गई। जबकि गुरुग्राम में 2020 से 2024 के बीच चालीस प्रतिशत से अधिक बलात्कार के मामले जांच के बाद रद्द किए गए। निश्चित रूप से इन आंकड़ों से न केवल कानून प्रवर्तन एजेंसियों बल्कि नागरिक समाज को भी चिंतित होना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि जब मनगढ़ंत शिकायतें सिस्टम में दर्ज की जाती हैं तो ये न केवल पुलिस का समय बर्बाद करती हैं, बल्कि इसके अलावा भी इसके कई तरह के नकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। ये उन वास्तविक पीड़ितों की विश्वसनीयता को भी कमजोर करती हैं जो पहले से ही अपने खिलाफ खड़ी व्यवस्था में अपना मामला साबित करने के लिये संघर्ष कर रहे होते हैं। व्यक्तिगत बदला लेने, जबरन आर्थिक वसूली या ब्लैकमेल के लिये कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग दुर्भाग्यपूर्ण है। जैसा कि हाल ही में गुरुग्राम में एक वकील के नेतृत्व वाले गिरोह से जुड़े मामले में खुलासा हुआ। जाहिर है, इस तरह की करतूतें न्याय प्रक्रिया में जनता के विश्वास को कम ही करती हैं।

निस्संदेह, इस सामाजिक विद्रूपता का उत्तर सभी महिलाओं पर अविश्वास करने या उन्हें हिंसा की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करने में नहीं है। हर शिकायत को गंभीरता से लिया ही जाना चाहिए। लेकिन साथ ही जांच पेशवर तरीके से और प्रमाणिक साक्ष्य आधारित होनी चाहिए। इसके अलावा उतना ही महत्वपूर्ण उन लोगों को दंडित करना भी है जो जानबूझकर कानून का दुरुपयोग करते रहे हैं। निश्चित रूप से महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और न्याय की अखंडता परस्पर विरोधी लक्ष्य नहीं हैं, बल्कि वे पूरी तरह एक-दूसरे पर ही निर्भर भी हैं। लेकिन प्रसंग के आलोक में सबसे बड़ी सामाजिक चिंता यह भी होनी चाहिए कि हरियाणा में लैंगिक संबंध इतने अस्थिर क्यों हो चले हैं कि यहां हिंसा और प्रतिशोध दोनों पनपते हैं? निर्विवाद रूप से शिक्षा, जागरूकता और लैंगिक संवेदनशीलता कमजोर कड़ियां बनी हुई हैं। सच्चा सशक्तीकरण कानूनों के हथियारीकरण से नहीं, बल्कि एक ऐसी संस्कृति से आएगा, जो निष्पक्षता, समानता और आपसी सम्मान को महत्व देती हो। झूठे आरोप न केवल आरोपी को बल्कि मामले की संवेदनशीलता को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में महिलाओं को न्याय सिर्फ सच्चाई या विश्वास की कीमत पर नहीं मिल सकेगा। ऐसे मामलों में समाज के जागरूक लोगों और महिला संगठनों को भी आवाज उठानी चाहिए। साथ ही उन लोगों को न्यायिक प्रक्रिया के जरिये दंडित किया जाना चाहिए, जो कानून की आड़ में निहित स्वार्थों को पूरा करना चाहते हैं।

### दिसंबर में पुतिन की यात्रा के दौरान श्रमिकों की आवाजाही को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे रूस, भारत

**मॉस्को :** भारत और रूस के बीच दिसंबर के पहले सप्ताह में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान श्रमिकों की आवाजाही को लेकर एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। यह समझौता रूस में कानूनी प्रवासन, श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा और कुशल भारतीय जनशक्ति के विस्तार के लिए एक रूपरेखा स्थापित करेगा, क्योंकि रूस अपनी विस्तारित अर्थव्यवस्था में योग्य और कुशल श्रमिकों की तीव्र कमी महसूस कर रहा है। खबरों के अनुसार, यह समझौता मौजूदा भारतीय श्रमिकों के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा तथा निर्माण, कपड़ा, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उद्योगों में हजारों नये पेशेवरों के लिए रास्ते खोलेगा। वर्ष के अंत तक, रूसी श्रम मंत्रालय द्वारा प्रबंधित कोटे के तहत 70,000 से अधिक भारतीय नागरिकों को पूरे रूस में आधिकारिक तौर पर रोजगार मिलने की उम्मीद है। मॉस्को स्थित इंडियन बिजनेस अलायंस (आईबीए) ने भारत और रूस के बीच आगामी समझौते का स्वागत किया है और इस पहल को भारत-रूस संबंधों के विस्तार में एक रणनीतिक मील का पत्थर माना है। आईबीए अध्यक्ष सैमी मनोज कोटवानी ने कहा, भारत के पास दुनिया के सबसे गतिशील और कुशल कार्यबलों में से एक है और रूस एक बड़े औद्योगिक परिवर्तन के दौर से गुज़र रहा है। यह समझौता दोनों पक्षों के लिए फ़ायदेमंद अवसर पैदा करेगा-यह रूसी अर्थव्यवस्था के लिए कुशल जनशक्ति प्रदान करते हुए भारतीय पेशेवरों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 11 नवम्बर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष सप्तमी, 23:14 तक, नक्षत्र : पुष्य, 18:20 तक, योग : शुभा, 09:39 तक, सूर्योदय: 05:46, सूर्यास्त: 16:54, चन्द्रोदय : 23:21, चन्द्रास्त: 12:30, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 14:45 से 16:05

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी पुराने निवेश से फायदा मिलेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी।

**वृष :** आज आपको अपने बेफिजूल के खर्चों को करने से बचना होगा। परिवार में किसी बात को लेकर सदस्यों में कोई गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए किसी नए प्रोजेक्ट के मिलने से काफी खुश होंगे। आपके बॉस को आपके काम को लेकर दिए गए सुझाव पसंद आएंगे, वह लोगों से आपकी तारीफ करेंगे।

**कर्क :** आज आप काम को लेकर पूरी मेहनत दिखाएंगे और आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ सकते हैं।

**सिंह :** आज आप अपने काम से लोगों का दिल जीतेंगे। आप अपने किसी काम को दूसरों के भरोसे न छोड़ें, नहीं तो उसके काम के लटकने से आपका कोई नुकसान भी हो सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी और आप अपने कामों में एक-दूसरे का साथ पाकर काफी खुश होंगे।

**तुला :** आज आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जो आपकी टेंशन का कारण बनेगा। आपको इधर बैठकर खाली समय व्यतीत करने से बचना होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। संपत्ति को लेकर यदि कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो उसके भी दूर होने की संभावना है।

**धनु :** आज आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी की याद सता सकती है। आपको अपने बॉस की बातों को इग्नोर करने से बचना होगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपका मनोबल भी अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बनाएंगे।

**कुम्भ :** आज आपको अच्छी सोच का लाभ मिलेगा। धन धान्य में वृद्धि होने से आपको खुशी मिलेगी। जीवनसाथी को किसी दूसरी नौकरी से बुलावा सकता है, उनके करियर को लेकर आपको काफी खुशी होगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। यदि आप अपने किसी फिजूल के खर्चे को लेकर परेशान थे, तो आप उसे काम करने की पूरी कोशिश करेंगे और पारिवारिक रिश्तों में एकता बनी रहेगी।

# नियुक्ति ही नहीं, मुक्ति देने वाली शिक्षा की जरूरत



ललित गर्ग

हर वर्ष 11 नवंबर को हम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन केवल औपचारिक उत्सव का नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र के चरित्र, संस्कृति और सृजनशीलता का आधार है। यह दिवस स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय एकता का सबसे सशक्त माध्यम माना। वे न केवल एक प्रखर राष्ट्रनायक थे बल्कि एक दूरदर्शी विचारक भी थे जिन्होंने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी है, जिसके दूध को पीने के लिए साहस चाहिए। मौलाना आज़ाद का मानना था कि भारत की शिक्षा पद्धति ऐसी हो जो हर वर्ग, हर समुदाय, हर व्यक्ति को अवसर दे। उन्होंने प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक सबके लिए समान अवसर की बात कही। उनका सपना था कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम न रहकर जीवन को दिशा देने वाली प्रक्रिया बने। आज जब हम उनके विचारों की ओर देखते हैं तो यह महसूस होता है कि हमारी शिक्षा प्रणाली ने तकनीकी रूप से प्रगति की है, लेकिन मानवीय दृष्टि और मूल्य शिक्षा में कमी आई है। हमारी शिक्षा शांतिप्रिय, अहिंसक एवं सर्वांगीण विकसित बनाने की बजाय हिंसक, बीमार एवं अशांत बना रही है।



आज भारत की शिक्षा व्यवस्था में अनेक विसंगतियां हैं। शिक्षा आज ज्ञान की जगह अंक और प्रमाणपत्र की होड़ बन चुकी है। विद्यार्थी रट्टा मारने की मशीन बनते जा रहे हैं, सोचने और सृजन करने की क्षमता कुंठित हो रही है। शिक्षा में नैतिकता, सह-अस्तित्व, करुणा और अहिंसा जैसे मूल्य गौण हो गए हैं। समाज में शिक्षक की प्रतिष्ठा घटती जा रही है, वे अब प्रेरणा के स्रोत की बजाय 'सिलेबस पूरा करने' वाले कर्मचारी बनते जा रहे हैं। शहरी और ग्रामीण शिक्षा में गहरी असमानता है, शहरों में अत्याधुनिक विद्यालय हैं तो गाँवों में अब भी शिक्षा सुविधाओं का अभाव है। देश में लाखों एकल शिक्षक विद्यालय है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं पर रोजगार घट रहे हैं, शिक्षा और जीवन की आवश्यकताओं में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। इन विसंगतियों को दूर करना ही राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की वास्तविक सार्थकता है। आज का विद्यार्थी बचपन से ही एक ऐसी अंधी एवं प्रतिस्पर्धी दौड़ में धकेल दिया जाता है, जिसमें लक्ष्य अंक, ग्रेड, और रैंक बन गए हैं-ज्ञान, संवेदना और चरित्र नहीं। स्कूल अब शिक्षालय नहीं, बल्कि परीक्षा-केंद्र यानी गलाकाट प्रतियोगिता के केन्द्र बन चुके हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज-सभी ने मिलकर एक ऐसा माहौल बना दिया है, जहाँ सफलता का अर्थ केवल डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या उच्च वेतन वाली नौकरी तक सीमित हो गया है। शिक्षा अब व्यक्ति के भीतर के मनुष्यत्व, रचनात्मकता और संवेदना को विकसित करने का माध्यम नहीं रही, बल्कि उसने जीवन को प्रदर्शन की प्रतियोगिता बना दिया है। छोटे बच्चों पर कोचिंग का बोझ, अभिभावकों की अपेक्षाएँ, और असफलता का भय?-ये तीन त्रिकोणीय दबाव उन्हें धीरे-धीरे मानसिक रूप से तोड़ देते हैं। शिक्षा अब एक बोझ और मानसिक तनाव का कारण बन गयी है।

भारत की शिक्षा प्रणाली को लेकर समय-समय पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। शिक्षा की विसंगतियों एवं दबावों के चलते भी अनेक सवाल खड़े हैं। इन्हीं से जुड़ा यह एक बेहद हृदय विदारक और चिंताजनक तथ्य है कि एक वर्ष में लगभग 14,000 स्कूली बच्चों ने आत्महत्या कर ली। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) भी कर रही है। अधिक घातक तथ्य यह है कि बीते एक दशक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 की तुलना में यह संख्या 34 प्रतिशत अधिक है। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि उन मासूम सपनों की समाधियाँ हैं जिन्हें हमारी शिक्षा प्रणाली ने दम तोड़ने पर विवश कर दिया। यह स्थिति राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाते हुए किसी एक स्कूल, राज्य या केन्द्रसरकार के लिये ही नहीं, बल्कि आमजन के लिये विमर्श का विषय बनना चाहिए।

भारत की शिक्षा केवल बौद्धिक नहीं बल्कि समग्र विकास का माध्यम होनी चाहिए। प्राचीन भारत की गुरुकुल परंपरा में विद्यार्थी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास पर समान बल दिया जाता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं बल्कि आत्म-ज्ञान, आत्म-नियंत्रण और समाज सेवा की भावना जगाना होता था। आज फिर उसी संतुलित दृष्टि की आवश्यकता है। भावात्मक शिक्षा का अर्थ है संवेदनशीलता का विकास। एक विद्यार्थी जब दूसरे के दुःख को महसूस करना सीखता है तभी वह सच्चा नागरिक बनता है। मानसिक शिक्षा का अर्थ है एकाग्रता, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता। यह वह शक्ति है जो व्यक्ति को संकटों में भी स्थिर रखती है। बौद्धिक शिक्षा तर्क, विवेक और सृजनशीलता का विकास करती है। शारीरिक शिक्षा स्वस्थ तन के बिना स्वस्थ मन संभव नहीं होने का बोध कराती है, योग, खेल और व्यायाम को शिक्षा का अभिन्न भाग बनाना चाहिए। शैक्षणिक शिक्षा में ज्ञान और व्यावसायिक दक्षता दोनों का समन्वय होना चाहिए ताकि विद्यार्थी जीवनोपयोगी कौशल प्राप्त कर सके। इन सभी पक्षों का समन्वय ही सम्पूर्ण शिक्षा पद्धति कहलाता है।

भारत की शिक्षा पद्धति ऐसी होनी चाहिए जो परंपरा और आधुनिकता का संगम बने। गांधीजी ने कहा था कि शिक्षा का मतलब है शरीर, मन और आत्मा का समान विकास। यही भारत की शिक्षा की आत्मा है। हमारी शिक्षा जीवन-केंद्रित हो, केवल नौकरी-केंद्रित नहीं। वह मूल्य-आधारित हो ताकि समाज में नैतिकता और मानवता बनी रहे। उसमें स्थानीय और वैश्विक दृष्टि का संगम हो ताकि विद्यार्थी अपनी जड़ों से जुड़ा रहे पर विश्व की नवीनतम तकनीक से भी परिचित हो। उसमें अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन मिले ताकि भारत 'ज्ञान अर्थव्यवस्था' का नेतृत्व कर सके। वह समानता और समावेशिता को आधार बनाए चाहे वह भाषा, लिंग या वर्ग के स्तर पर क्यों न हो।

कोई भी शिक्षा प्रणाली उतनी ही सशक्त होती है जितना सशक्त उसका शिक्षक होता है। शिक्षक केवल पढ़ाने वाला नहीं बल्कि प्रेरक, निर्माता और मार्गदर्शक होता है। आज आवश्यकता है कि शिक्षकों को उचित सम्मान, प्रशिक्षण और आत्मसंतोष मिले। मौलाना आज़ाद ने कहा था कि अच्छे शिक्षक ही राष्ट्र की आत्मा हैं। शिक्षक को तकनीकी दक्षता के साथ-साथ भावनात्मक और नैतिक दृष्टि से भी सशक्त बनाना होगा। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा में कई सुधारों का मार्ग प्रशस्त किया है। 5334 संरचना, मातृभाषा में शिक्षा, कौशल विकास और बहुविषयी अध्ययन जैसी अवधारणाएं स्वागतयोग्य हैं। लेकिन इन सुधारों का वास्तविक प्रभाव तभी पड़ेगा जब इन्हें जमीनी स्तर पर संवेदनशीलता और समर्पण से लागू किया जाए। भारत की शिक्षा का लक्ष्य केवल डिग्रियाँ बाँटना नहीं बल्कि विश्व को नैतिकता और आध्यात्मिकता की दिशा देना होना चाहिए। हमारे यहाँ शिक्षा का अर्थ रहा है- सा विद्या या विमुक्तये अर्थात् जो मुक्ति दे वही सच्ची विद्या है। आज शिक्षा का अर्थ हो गया है- सा विद्या या नियुक्तये यानी जो नौकरी दे वही सच्ची शिक्षा है। भारत यदि अपनी शिक्षा में विज्ञान के साथ विवेक, तकनीक के साथ नैतिकता और प्रतिस्पर्धा के साथ करुणा को जोड़ दे तो वह विश्व का मार्गदर्शक बन सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षा केवल आर्थिक विकास का नहीं बल्कि संस्कृति, चरित्र और चेतना के निर्माण का माध्यम है। मौलाना आज़ाद के स्वप्न के अनुरूप यदि भारत की शिक्षा नीति में समानता, गुणवत्ता, मूल्य और आत्मा का समन्वय हो सके तो यह राष्ट्र फिर से विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। शिक्षा का लक्ष्य केवल यह नहीं कि हम क्या बनें बल्कि यह भी कि हम किसके लिए बनें। शिक्षा यदि मनुष्य को संवेदनशील, आत्मनिष्ठ और समाजोपयोगी बना दे तो वही मौलाना आज़ाद की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रेषकः

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है : दिल्ली विस्फोट पर अमेरिका ने कहा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** नयी दिल्ली में लाल किले के पास हुए घातक बम विस्फोट की घटना के बाद अमेरिका ने सोमवार को कहा कि वह स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और दूतावास संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। इस विस्फोट में कम से कम आठ लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हो गए हैं। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने 'पीटीआई' को बताया, हमें दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट की जानकारी है। हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और दूतावास संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

### ट्रंप भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता करेंगे

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत के लिए मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर के वास्ते ओवल कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता करेंगे।'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) द्वारा जारी राष्ट्रपति के कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति 'ओवल ऑफिस' में भारत गणराज्य के राजदूत के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। अमेरिकी सीनेट ने अक्टूबर में भारत में अगले अमेरिकी राजदूत के रूप में गोर के नाम की पुष्टि की थी। अगस्त में ट्रंप ने राष्ट्रपति कार्मिक निदेशक गोर को भारत में अगले अमेरिकी राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में पदोन्नत किया था।

# होमवर्क में आ रहे बदलाव से बढ़ेगी सीखने की भूख



रोहित माहेश्वरी

पढ़ाई करते समय बच्चे अक्सर किसी टॉपिक को दोहरा कर सीखने की कोशिश करते हैं, जिसे कहते हैं कि रट रट कर परीक्षा देने जाते हैं। जिसकी जितनी अच्छी रटने की शक्ति, उतना अच्छा वो उत्तर लिखता है और परिणाम के आधार पर बुद्धिमान बच्चा कहलाता है। पर गहराई से सोचें, क्या वह बच्चा वाकई में बुद्धिमान है? क्या सच में उसने कोई ऐसा ज्ञान अर्जित किया जो भविष्य में कभी उसके काम आएगा? जवाब है नहीं! ऐसे बच्चों की रटने की क्षमता तो बहुत अच्छी होती है, लेकिन वे जीवन के असल ज्ञान से वंचित रह जाते हैं और अपनी शिक्षा का उपयोग सही तरीके से नहीं कर पाते हैं।

शिक्षा का अर्थ है सीखना। स्कूल में पढ़ाई करने के पश्चात आपने ऐसा क्या सीखा जिसका उपयोग आप जीवन को सार्थक बनाने के लिए करते हैं, यही स्कूली शिक्षा का आधार है। इसलिए रटने से अच्छा है कि किसी बात को गहराई से समझें जिससे वो बात आपके दिमाग में अच्छी तरह से बैठ जाए। पहले स्कूलों में होमवर्क का मतलब होता था गणित के एक जैसे सवाल बार-बार हल करना या लंबा-लंबा निबंध लिखना। लेकिन अब यह बदल रहा है।

पूरे भारत की कक्षाएं जब बदलते शिक्षण तौर-तरीकों के अनुसार खुद को ढाल रही हैं, तो 'होमवर्क' जैसे साधारण कार्य में भी धीरे-धीरे बदलाव आ रहा है। यह अब बोझिल काम न रहकर, बल्कि खोज, सहयोग और रचनात्मकता के लिए उपयोगी उपकरण बन गया है। शिक्षाविदों का कहना है कि 'होमवर्क', जो पहले रटने पर आधारित था, अब नीतिगत बदलावों, डिजिटल उपकरणों और नए शिक्षण तौर तरीकों से बदल रहा है। ये रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और छात्रों के कल्याण पर ज़ोर देते हैं।

इसका मकसद छात्रों को सिर्फ पढ़ाई के लिए मजबूर करना नहीं, बल्कि सीखने की प्रक्रिया को मजेदार बनाना है। अब होमवर्क में सिर्फ याद करने की बजाय सोचने, समझने और नई चीजें बनाने पर जोर दिया जा रहा है। स्कूलों में बच्चों को प्रोजेक्ट बनाना, ग्रुप में काम करना और नयी जानकारी पर खोज करने जैसे काम दिए जा रहे हैं। इससे बच्चे अपने खुद के तरीके से सीखते हैं।इससे उनकी सोचने की क्षमता भी बढ़ती है।

इस संदर्भ में देखा जाए तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के जरिये स्कूली छात्रों के होमवर्क में आ रहा बदलाव स्वागतयोग्य है, जिसमें रटने की बजाय सीखने पर ज्यादा जोर है। इस नीति में छात्रों पर शैक्षणिक बोझ कम करने तथा गतिविधि आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने की वकालत की गयी है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) समेत कई राज्य बोर्डों ने शिक्षकों से ऐसे होमवर्क देने को कहा है, जिन्हें करने में बच्चों को खुशी हो और उनमें प्रयोग करने की गुंजाइश हो।

ऐसे में, स्कूलों की कोशिश है कि छात्रों को होमवर्क में ही व्यस्त न रखा जाये। ज्यादातर स्कूल आज प्रोजेक्ट आधारित काम देने लगे हैं और बच्चों को सामुदायिक जुड़ाव वाली गतिविधियों में शामिल करने लगे हैं। छात्रों के होमवर्क को आसान और दिलचस्प बनाया जा रहा है, ताकि वे केवल किताबी कीड़ा बनकर न रह जायें। जोर इस पर दिया जा रहा है कि छात्र चीजों के बारे में खुद से सोचने, समझने और उन्हें बनाने की कोशिश करें। इससे बच्चों की रचनात्मकता जागती है और उनमें सोचने की क्षमता बढ़ती है। दरअसल, छात्रों को मिल रहे भारी-भरकम होमवर्क से उनकी रचनात्मकता खत्म होने लगी थी और इसे लेकर देशभर में चिंता जतायी जा रही थी।

वर्ष 2018 की वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट में पाया गया था कि 74 प्रतिशत शहरी छात्रों को दैनिक होमवर्क मिलता है, जिसमें उनके तीन से चार घंटे का समय चला जाता है, जबकि सीखने के मोर्चे पर उसका कोई विशेष लाभ नहीं होता। पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने भी शिक्षकों को एक खास तरह का होमवर्क दिया था, जिसमें उन्हें छात्रों के साथ स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के अभियान से जोड़ा गया था, ताकि 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को प्रेरणा मिल सके। यह बच्चों में देशभक्ति की भावना के साथ व्यावहारिक सोच बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा।

अमेरिका में नेशनल पीटीए (राष्ट्रीय अभिभावक शिक्षक संघ) और नेशनल एजुकेशन एसोसिएशन द्वारा बनाया गया 10-मिनट नियम यह बताता है कि बच्चों को हर रात अपनी कक्षा के हिसाब से लगभग 10 मिनट 'होमवर्क' करना चाहिए। इसका मतलब है कि पहली कक्षा के बच्चों को 10 मिनट 'होमवर्क' करना चाहिए, जबकि बारहवीं क्लास के बच्चों को 120 मिनट तक 'होमवर्क' करना चाहिए। भारत में 'होमवर्क' की अवधारणा भले ही बदल गई हो, लेकिन असल में कई भारतीय छात्र अक्सर रोजाना 3-4 घंटे 'होमवर्क' करने में बिताते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि 'होमवर्क' की अवधारणा में बदलाव का एक कारण राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भी है, जो छात्रों पर पढ़ाई का बोझ कम करने और गतिविधियां आधारित सीखने को बढ़ावा देने पर जोर देती है। कई राज्य बोर्ड और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने इसके बाद परिपत्र जारी कर शिक्षकों से ऐसे काम देने को कहा है जो 'मनोरंजक, प्रायोगिक और व्यावहारिक हों।

विशेषज्ञों का कहना है कि होमवर्क की अवधारणा में यह बदलाव आंशिक रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 से प्रेरित है। इस नीति में छात्रों पर शैक्षणिक बोझ कम करने और गतिविधि आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने की वकालत की गई है। कई राज्य बोर्डों और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शिक्षकों से ऐसे होमवर्क देने को कहा है, जिन्हें करने में बच्चों को खुशी महसूस हो और उनमें प्रयोग की गुंजाइश हो। बदलाव के तहत अब होमवर्क में लंबे पैराग्राफ याद करने या गणित के सवाल हल करने के लिए नहीं दिये जाते। सिर्फ याद की गयी बातें पूछने के बजाय होमवर्क में छात्रों से अवधारणाओं के क्यों और कैसे को समझने की अपेक्षा भी की जाती है। छात्रों को पाठ्य पुस्तकें पढ़ने के बजाय प्रयोग, प्रोजेक्ट और नवाचार की चुनौतियों के माध्यम से सीखने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। ये नये तरीके आलोचनात्मक सोच, विश्लेषण और जानकारी की व्याख्या जैसी क्षमताओं को बढ़ावा देते हैं, जो रटने की प्रवृत्ति से अक्सर दब जाती रही हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, सिर्फ याद की हुई बातें पूछने के बजाय अब 'होमवर्क' में छात्रों से अवधारणाओं के 'क्यों' और 'कैसे' को समझने की अपेक्षा की जाती है। छात्रों को पाठ्यपुस्तकें पढ़ने के बजाय, प्रयोग, प्रोजेक्ट और नवाचार चुनौतियों के माध्यम से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। नए तरीके आलोचनात्मक सोच, विश्लेषण और जानकारी की व्याख्या जैसी क्षमताओं को बढ़ावा देते हैं, जो अक्सर रटने की पढ़ाई से दब जाती हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ नौकरी में भी समझ-बूझ की जरूरत लगातार बढ़ती जा रही है। कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशंस में जहां एनालिटिकल प्रश्नों की संख्या बढ़ रही है, वहीं कॉरपोरेट दुनिया में कद्र उसी की बढ़ रही है जो उत्साह के साथ पहल करने और चुनौतियों का सामना करने को तत्पर रहता है। ऐसे में जरूरी है कि किसी भी विषय को रटने की बजाय समझने पर ध्यान देकर अपने व्यावहारिक नजरिए को विकसित करें, ताकि किसी भी परिस्थिति में पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत किये जा रहे प्रयास प्रंशसनीय है क्योंकि ये बच्चे के मौलिक गुणों को उभारने और निखारने में मददगार साबित हो रहे हैं।

-स्वतंत्र पत्रकार।

## वर्ग पहेली नं. 3260

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| ■ | ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | 11 | ■ | | ■ | 12 | | ■ |
| | ■ | ■ | 13 | | | | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | 17 | | ■ | ■ | ■ | 18 | | |
| ■ | 19 | | ■ | 20 | | | | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | ■ | 23 | 24 | |
| | ■ | 25 | | | | 26 | ■ | | ■ |
| 27 | | | | ■ | ■ | 28 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) अपराधमुक्त, 4) नोचना, 7) एक रत्न, 9) कच्चे आम का बना खट-मीठा शरबत, 10) गठिया, 12) ढाँचा, 13) चुनौती देना, 15) डराना, 18) चुंगीचोर, 19) रौनक *(चेहरे की)*; लालिमा, 20) नख़रीला, 21) दुष्ट, 22) चुकता; नाज़नख़रा, 23) एक वृक्ष, 25) *महाभारत* में कुरुक्षेत्र, 27) उपयुक्त एवं ठीक, 28) थपकना.

*ऊपर से नीचे:-* 2) भैंस का बच्चा, 3) दौलतमंद, 4) विस्फोटक गोला, 5) रिसकर निकली हुई चीज़, 6) विविध, 8) झगड़ालू, 10) नाता, 11) कड़कड़ाते तेल में पकाना, 12) झाड़ातलाशी, 14) हमेशा, 16) पछतावा, 17) खप्परवाली, 20) आधार, 21) सौ अरब, 22) मृत्युंजय; अविनाशी, 24) लजीला; शर्माऊ, 25) सारे; तमाम, 26) कारण; बहाना.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | ■ | आ | ज्ञा | ■ | अ | स | लि | य | त |
| न | ■ | तु | त | ला | ना | ■ | प | ह | ल |
| कु | क | र | ■ | चा | र | ■ | ट | ■ | ह |
| ना | ल | ■ | त | र | ■ | ब | ना | व | टी |
| ■ | श | क्क | र | ■ | ब | द | ■ | शी | ■ |
| स | ■ | ■ | ह | स | र | त | ■ | क | र |
| ब | रा | म | दा | ■ | स | मी | क | र | ण |
| कु | ■ | सू | र | त | ■ | ज़ी | न | ■ | ■ |
| छ | प | र | ■ | था | ना | ■ | खी | ज | ना |

## सुडोकू-पहेली-3217

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 4 | 2 | | 9 | | | 6 |
| 7 | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 3 | | 1 | | | | |
| | | | | 9 | 5 | 8 | | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | | 1 | | | | | |
| | | | | 3 | | 2 | | |
| | 5 | | | | | | 7 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3216 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 | 6 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 2 |
| 1 | 6 | 4 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 8 |
| 2 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 | 1 | 4 | 9 |

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No-WBMAD/ULB/SRMP/APAS/NIT-42/2025-26, Date : 10/11/2025.** Number of work- Sl. 01 to 18. Bid Submission Start Date (online) : **10/11/2025 at 01.00 P.M.** Bid Submission Closing Date (online) : **29/11/2025 at 03.55 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online) : **01/12/2025 at 16.00 P.M.** For details of the project go through **http://wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.net/tenders**

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

# दिल्ली में धमाके के बाद कोलकाता में हाई अलर्ट, लालबाजार ने सभी थानों को किया सतर्क

## कोलकाता सहित राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों को दी गई चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली में हुए भीषण विस्फोट के बाद कोलकाता हाई अलर्ट पर है। कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार ने शहर के सभी पुलिस थानों को अलर्ट कर दिया है। कहा गया है कि खासकर, मेट्रो से सटे इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोलकाता मेट्रो में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दूसरी ओर, सूत्रों का कहना है कि लालबाजार ने यह भी कहा है कि नाका चेकिंग और गश्त पर जोर दिया गया है। यह भी बताया गया है कि कोलकाता में प्रवेश करने और बाहर जाने वाले सभी रास्तों पर निगरानी पर विशेष जोर दिया गया है। यह भी बताया गया है कि सिर्फ कोलकाता ही नहीं, बल्कि राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और पुलिस थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है।



### कोलकाता मेट्रो में बढ़ाई गई सुरक्षा, यात्रियों की सख्त जांच शुरू



दिल्ली में हुए विस्फोट को देखते हुए कोलकाता मेट्रो में भी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। हर स्टेशन पर यात्रियों के बैग की स्कैनर मशीनों से गहन जांच की जा रही है। मेट्रो परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के साथ गश्त भी बढ़ा दी गई है। संदिग्ध गतिविधियों पर सीसीटीवी निगरानी कड़ी की गई है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके।

### ईडन गार्डन्स में भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए बढ़ाई गई सुरक्षा

दिल्ली में हुए भीषण विस्फोट के बाद कोलकाता में होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच 14 नवंबर से ईडन गार्डन्स में शुरू हो रहा है। भारत पहले ही कोलकाता पहुंच चुका है। दक्षिण अफ्रीकी टीम सोमवार की शाम शहर में पहुंची है। पता चला है कि भारतीय कोच गौतम गंभीर मंगलवार को कालीघाट मंदिर जाने वाले थे। इसे फिलहाल टाल दिया गया है। दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच को लेकर उत्साह चरम पर है। पहले कुछ दिनों के टिकट बिक चुके हैं। ऐसे में ईडन को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। खबर है कि भारतीय टीम की सुरक्षा भी कई गुना बढ़ाई जा रही है। पता चला है कि ईडन में तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा होगा। स्टेडियम परिसर के बाहर, स्टेडियम के प्रवेश द्वार से लेकर गैलरी और स्टैंड तक कड़ी सुरक्षा होगी। हर दर्शक की दो बार मेटल स्कैनिंग होगी। जानकारी के अनुसार, स्टैंड्स में सादे कपड़ों में पुलिस तैनात रहेगी। ईडन में मैच होने पर पहले से ही पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है। ऐसे में किसी भी संदिग्ध वस्तु को अंदर नहीं जाने दिया जाएगा। दर्शकों की आवाजाही पर भी नजर रखी जाएगी।



हावड़ा जिले में अलर्ट, हावड़ा ब्रिज पर गाड़ियों की चेकिंग करते पुलिस अधिकारी

### पूर्व रेलवे हाई अलर्ट पर, सभी मंडलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई



**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली में हुए धमाके के बाद पूर्व रेलवे को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने सभी स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है, जो आपात स्थिति में तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी। पूर्व रेलवे के सभी मंडलों को सतर्क रहने और हर ट्रेन व स्टेशन पर सघन सुरक्षा निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। यात्रियों और उनके सामान की सख्त जांच की जा रही है, साथ ही स्कैनर और मेटल डिटेक्टर के माध्यम से बैग की जांच की व्यवस्था की गई है। रेलवे सुरक्षा प्रमुख आईजी-कम-पीसीएससी सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों की समय-सूची में संशोधन

नीचे उल्लेखित एक्सप्रेस ट्रेनों की उसके समक्ष उल्लेखित स्टेशनों पर समय-सूची में निम्नानुसार संशोधन किए जाएंगे:

● **12177 हावड़ा-मथुरा चम्बल एक्सप्रेस / 12175 हावड़ा-ग्वालियर चम्बल एक्सप्रेस / 20975 हावड़ा-आगरा कैण्ट. चम्बल एक्सप्रेस:- संशोधित समय-सूची** [दिनांक 11.11.2025 से प्रभावी]: मानिकपुर: **आगमन-09.40 बजे/प्रस्थान-9.45 बजे,** चित्रकूट धाम कर्वी: **आगमन-10.16 बजे/प्रस्थान-10.18 बजे,** अतर्रा: **आगमन-10.44 बजे/प्रस्थान-10.46 बजे,** बाँदा: **आगमन -11.20 बजे/प्रस्थान-11.25 बजे,** महोबा: **आगमन-12.15 बजे/प्रस्थान-12.17 बजे,** कुलपहाड़: **आगमन-12.34 बजे/प्रस्थान-13.36 बजे,** हरपालपुर: **आगमन-12.59 बजे/प्रस्थान-13.01 बजे,** मऊरानीपुर: **आगमन-13.19 बजे/प्रस्थान-13.21 बजे,** निवाड़ी: **आगमन-13.46 बजे/प्रस्थान-13.48 बजे,** बरुआसागर: **आगमन-13.59 बजे/प्रस्थान-14.01 बजे।**

● **19436 आसनसोल-अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस:- संशोधित समय-सूची** [दिनांक 11.11.2025 से प्रभावी]: खजूराहो : **आगमन-12.35 बजे/प्रस्थान-13.00 बजे,** छतरपुर: **आगमन-13.55 बजे/प्रस्थान-13.57 बजे,** खड़गापुर: **आगमन-14.32 बजे/प्रस्थान-14.34 बजे,** टीकमगढ़: **आगमन-15.00 बजे/प्रस्थान-15.02 बजे।**

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

## भागलपुर–यशवंतपुर वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन एसएमवीटी बेंगलुरु तक चलेगी

**एक और ट्रिप के लिए भागलपुर – यशवंतपुर वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने के** संबंध में पूर्व अधिसूचना के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि यह वन वे अनारक्षित स्पेशल ट्रेन यशवंतपुर के बदले **एसएमवीटी बेंगलुरु** में यात्रा समाप्त करेगी। इसी अनुसार, उक्त अनारक्षित स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, चलने की तिथियों और गठन के अनुसार 03403 **भागलपुर–एसएमवीटी बेंगलुरु वन वे अनारक्षित स्पेशल** के रूप में चलेगी:

| स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
|---|---|---|---|
| **भागलपुर** | - | 22.30 | 12.11.2025 (बुधवार) |
| जमालपुर | 00.02 | 00.12 | 13.11.2025 (बृहस्पतिवार) |
| जसीडीह | 03.03 | 03.05 | |
| बर्द्धमान | 08.05 | 08.08 | |
| कटक | 18.10 | 18.15 | |
| कोत्तवलसा | 01.30 | 01.32 | 14.11.2025 (शुक्रवार) |
| **एसएमवीटी बेंगलुरु** | 23.50 | - | |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन** मार्ग में सुल्तानगंज, धरहरा, अभयपुर, किऊल, झाझा, मधुपुर, आसनसोल, दुर्गापुर, आंदुल, खड़गपुर, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर के रोड, भुवनेश्वर, खुर्दा रोड जंक्शन, बहरामपुर, पलासा, विजयनगरम, दुव्वाडा, राजमंड्री, विजयवाड़ा, ओंगोल, नेल्लोर, गुडुर, रेणिगुंटा, काटपाडी, जोलारपेट्टै, कृष्णराजपुरम स्टेशनों पर भी रुकेगी। ● **चलने की तिथियाँ/दिन: भागलपुर से:** 03403 दिनांक 12.11.2025 (बुधवार) को = 1 ट्रिप। ● **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 20 और एसएलआरडी - 02 = 22 कोच; **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## राज्य में एसआईआर को पूरा होने में लगेंगे दो साल : सोवनदेब चट्टोपाध्याय

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कृषि मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने सोमवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यह दावा कर रही है कि हम पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को तय निर्धारित प्रक्रिया और तय समय तक हर हाल में दो महीने में संपन्न कराकर रहेंगे। लेकिन, प्रदेश की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए मुझे यह दावा करने में कोई गुरेज नहीं है कि एसआईआर की प्रक्रिया को संपन्न कराने में एक या दो महीने नहीं, बल्कि पूरे दो साल लगेंगे। वजह यह है कि केंद्र सरकार इस संबंध में अभी तक कोई ठोस पैमाना या मानक स्थापित नहीं किया है, जिससे यह तय किया जा सके कि प्रदेश में किस आधार पर



एसआईआर की प्रक्रिया को संपन्न किया जाएगा। ये लोग सिर्फ बेबुनियादी बातें कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि इस स्थिति को मौजूदा समय में किसी भी कीमत पर बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कृषि मंत्री ने कहा कि जिस प्रणली के तहत केंद्र सरकार राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू कर रही है, उसे देखते हुए तो मैं यही कहूंगा कि यह एक तरह का मजाक हो रहा है। प्रदेश के लोगों के हितों के साथ पूरी तरह से खिलवाड़ किया जा रहा है। मेरा सीधा-सा सवाल है कि क्या इन लोगों को यह नहीं पता है कि एसआईआर के तहत फॉर्म भरवाने में, फिर लोगों को चिह्नित करने में, इसके बाद बाकी के दस्तावेजी प्रक्रिया को संपन्न करान में कितना समय लगेगा। लेकिन, अफसोस ये लोग इस बात को समझने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब ये लोग कह रहे हैं कि हम दो महीने में एसआईआर को संपन्न करा देंगे। क्या इन लोगों को यह बात समझ में नहीं आ रही है कि एसआईआर की प्रक्रिया के तहत इन्हें हर घर में जाना होगा और हर लोगों से मुखातिब होना होगा? उन्होंने कहा कि मैं एसआईआर की आड़ में केंद्र सरकार की मंशा समझ रहा हूं। लेकिन, एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आप लोगों की मंशा बिल्कुल भी धरातल पर उतरने वाली नहीं है।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जापान से मिलेगा मानद डी.लिट सम्मान

### योकोहामा विश्वविद्यालय करेगा सम्मानित

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सियासी और प्रशासनिक सफर में एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। इस बार उन्हें जापान के प्रतिष्ठित योकोहामा विश्वविद्यालय की ओर से मानद डी.लिट की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि इस सप्ताह कोलकाता पहुंच रहे हैं। उन्हें सम्मानित करने के लिए अलीपुर स्थित 'धनधान्य' सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जो 12 या 13 नवंबर को होने की संभावना है। ममता बनर्जी को इससे पहले कोलकाता विश्वविद्यालय, सेंट ज़ेवियर्स विश्वविद्यालय, और भुवनेश्वर के केआईआईटी विश्वविद्यालय से भी मानद डी.लिट की उपाधि मिल चुकी है। लेकिन यह पहली बार होगा जब उन्हें किसी विदेशी विश्वविद्यालय से यह सम्मान प्राप्त होगा। राज्य सरकार के सूत्रों ने बताया कि इस अवसर पर जापानी प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को विशेष सम्मान प्रदान करेगा। यह सम्मान ममता बनर्जी की राज्य प्रशासन, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है। ममता बनर्जी के समर्थकों का कहना है कि यह पुरस्कार बंगाल की अन्तर्जातिक प्रतिष्ठा का प्रतीक एवं मुख्यमंत्री की नेतृत्व क्षमता की वैश्विक मान्यता है।

### राज्यपाल ने राष्ट्रीय गीत के 150 साल पूरे होने पर 'वंदे मातरम' मार्च का किया नेतृत्व

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सोमवार को भारतीय संग्रहालय से राजभवन तक 'वंदे मातरम मार्च' का नेतृत्व किया। राज्यपाल बोस कुछ स्कूली छात्रों के साथ एक खुली छत वाली सफेद कार में सवार थे, जबकि विभिन्न वर्गों और आयु वर्ग के लोग पैदल ही इस मार्च में शामिल हुए, जिसके तहत दो किमी से अधिक की दूरी तय की गई। इस मार्च का आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की ओर से संचालित भारतीय संग्रहालय ने किया।

**Name Change**

I, Rakesh Kumar Srivastava, son of Shree Krishan Lal, Army No.JC780309N, Rank: NB SUB, presently residing at NP4/16, Ballygunge Maidan Camp, Kolkata-700019, permanant residing at Mahipal Pokhara, Ward No.33, Sohani Patti, Buxar, Bihar-802101, do hereby solemnly affirm and declare that my son's both name Kshitij Kumar Srivastava and Kshitij Kr Srivastava pertain to same and one identical person via affidavit before the Ld Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated 6th November 2025

I, Rakesh Kumar Srivastava, son of Shree Krishan Lal, Army No.JC780309N, Rank: NB SUB, presently residing at NP4/16, Ballygunge Maidan Camp, Kolkata-700019, permanant residing at Mahipal Pokhara, Ward No.33, Sohani Patti, Buxar, Bihar-802101, do hereby solemnly affirm and declare that my both name Rakesh Kumar Srivastava and R K Srivastava pertain to me and one identical person via affidavit before the Ld Judicial Magistrate 1st Class at Alipore dated 6th November 2025

## मुख्यमंत्री के कामों में सीएजी ऑडिट की मांग, शुभेंदु अधिकारी ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के विभिन्न कार्यों और योजनाओं में सीएजी (कैग) से ऑडिट कराए जाने की मांग की है। सोमवार को आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री और वित्त विभाग के मंत्री जो भ्रष्टाचार में शामिल हैं या जिन्होंने मुख्यमंत्री की मदद की है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र सरकार की कई योजनाओं के नाम बदलकर और आर्थिक अनुशासन का उल्लंघन कर लगातार अराजकता फैला रही है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 से लेकर 2023 तक प्रधानमंत्री आवास



योजना के तहत राज्य सरकार को धनराशि दी। लेकिन, 2018 से 2023 के बीच सागरदिघी के काबिलपुर क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस के पूर्व प्रधान ने 17 घर अपने नाम कर लिए, जबकि नवदा ब्लॉक के एक प्रधान ने अपने चाचा, चाची, भतीजे और अन्य परिजनों के नाम पर 35 घर आवंटित कराए। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि मुख्यमंत्री ने उत्तर बंगाल में भूस्खलन और बाढ़ राहत के लिए निर्धारित 134 करोड़ रुपये को आपदा प्रबंधन विभाग से हटाकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में स्थानांतरित कर दिया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए दी गई राशि को किसी अन्य विभाग में उपयोग करना पूरी तरह अवैध है। उन्होंने आरोप लगाया कि दार्जिलिंग, तराई और डुआर्स के भूस्खलन पीड़ितों की मदद करने की बजाय मुख्यमंत्री ने धनराशि का दुरुपयोग किया है। यह कार्य निंदनीय, लज्जाजनक और अवैध है। उन्होंने आगे बताया कि दार्जिलिंग के सांसद ने इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह सचिव को शिकायत पत्र भेजा है, जिसमें क्षेत्र की दयनीय स्थिति का विस्तार से उल्लेख किया गया है।

### नंदीग्राम दिवस पर शुभेंदु अधिकारी ने किया रैली का नेतृत्व

**पूर्व मेदिनीपुर :** नंदीग्राम भूमि उच्छेद प्रतिरोध समिति के तत्वावधान में सोमवार को 'रक्ताक्त सूर्योदय' की 18वीं बरसी पर शहीद श्रद्धांजलि एवं स्मरण सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गोकुलनगर



और करपल्ली क्षेत्र में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विपक्ष के नेता व नंदीग्राम आंदोलन के प्रमुख चेहरा शुभेंदु अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ काला झंडा लेकर प्रतीकात्मक विरोध मार्च किया। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि नंदीग्राम का आंदोलन बंगाल के आत्मसम्मान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का प्रतीक था। उन्होंने शहीद परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि नंदीग्राम का रक्ताक्त सूर्योदय जनता के अदम्य साहस और बलिदान की अमर गाथा है।

## सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट

**'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के द्वारा सियालदह मंडल के तहत 111 स्टेशनों पर **"एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद पैकेट (एकल) में और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **योजना की मुख्य विशेषताएँ:- (1) परियोजना की अवधि:** बिनय बादल दिनेश बाग - 30 दिन दिनांक 27.11.2025 से शुरू। टाला, बराहनगर, तालदी, बीरनगर, टाकि रोड-30 दिन दिनांक 28.11.2025 से शुरू। ताहेरपुर, शासनरोड -30 दिन दिनांक 29.11.2025 से शुरू। धुबुलिया, अगरपाड़ा, पलता, बानपुर, गोचरण, जगद्दल, टीटागढ़, इच्छापुर, काशीनगर हाल्ट - 30 दिन दिनांक 01.12.2025 से शुरू। संतोषपुर, आकड़ा, कोमागाटा मारू बजबज - 30 दिन दिनांक 02.12.2025 से शुरू। हासनाबाद, सुभाषग्राम -30 दिन दिनांक 04.12.2025 से शुरू। दक्षिण दुर्गापुर, नेतड़ा, चाम्पाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट, सोण्डालिया-30 दिन दिनांक 06.12.2025 से शुरू। बनगांव जं., दत्तपुकुर, दक्षिणेश्वर-30 दिन दिनांक 07.12.2025 से शुरू। हृदयपुर, मालतीपुर, भासिला-30 दिन दिनांक 08.12.2025 से शुरू। बहारु, दक्षिण बारासात, बशीरहाट, कल्याणी शिल्पांचल, मदनपुर, काकद्वीप-30 दिन दिनांक 09.12.2025 से शुरू। कल्याणपुर, होटोर - 30 दिन दिनांक 10.12.2025 से शुरू। चंपापुकुर, कल्याणी सीमांत - 30 दिन दिनांक 12.12.2025 से शुरू। माझेरग्राम, बाली घाट, ईडन गार्डेन्स, लालगोला, कासिमबाजार-30 दिन दिनांक 13.12.2025 से शुरू। गंगनापुर, बागबाजार, सुर्ज्यपुर, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जं., हबीबपुर - 30 दिन दिनांक 14.12.2025 से शुरू। प्रिंसेपघाट, बिद्याधरपुर, पियाली, चाँदपाड़ा, सिमुराली-30 दिन दिनांक 15.12.2025 से शुरू। भगवानगोला, मुड़ागाछा, बेलडांगा, बेथुआडहरी, देबग्राम, रेजीनगर, पलासी, माझदिया, पायराडांगा, बगुला, कांकिनाड़ा-30 दिन दिनांक 16.12.2025 से शुरू। बड़ा बाजार, पातिपुकुर, बसुलडांगा, धपधपी, पालपाड़ा - 30 दिन दिनांक 17.12.2025 से शुरू। शांतिपुर, गुमा, बीरा, बामनगाछी- 30 दिन दिनांक 18.12.2025 से शुरू। बादकुल्ला-30 दिन दिनांक 19.12.2025 से शुरू। गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर, बिशरपाड़ा कोदालिया, कालिकापुर-30 दिन दिनांक 21.12.2025 से शुरू। मछलंदपुर -30 दिन दिनांक 22.12.2025 से शुरू। जियागंज, आंड़घाटा, कृष्णनगर सिटी-30 दिन दिनांक 23.11.2025 से शुरू। कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बहरामपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, देउला, धामुया, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कैनिंग, हाड़ोया रोड, चकदह, मध्यमग्राम, मल्लिकपुर - 30 दिन दिनांक 24.12.2025 से शुरू। कोलकाता- 30 दिन दिनांक 25.12.2025 से शुरू। गोपालनगर 30 दिन दिनांक 26.12.2025 से शुरू। बालीगंज, जयनगर मजिलपुर- 30 दिन दिनांक 27.12.2025 से शुरू। **(2) टोकन पंजीकरण शुल्क:** प्रत्येक स्टॉल हेतु 30 दिनों की आवंटन अवधि के लिए जीएसटी सहित रु.2,000/-मात्र। **(3) आधारभूत संरचना:** (i) स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। (ii) 15 दिनों के एक चरण के लिए प्रति एक स्टेशन एक प्रोडक्ट आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, अतिरिक्त यूनिटों के लिए, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। **(4) आवेदन जमा किया जाना:** दिनांक 28.11.2025 को 15.00 बजे के अंदर।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 44, डीआरएम कार्यालय, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014** को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन संबंधित स्टेशनों के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक/बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्धारित स्थान पर मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। **एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में:** दिनांक 28.11.2025 को 16.00 बजे ऊपर उल्लिखित स्थान पर खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। चिह्नित उत्पादों सहित स्टेशनों के नाम, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड, समर्थित कागजात और ईओआई कागजातों के साथ विस्तृत नियम और शर्तों को आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है और इन्हें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के कार्यालय में सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सीएए आवेदन रसीद को एसआईआर दस्तावेज के रूप में मान्यता देने से हाई कोर्ट का इनकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें केंद्र सरकार के नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत आवेदनकर्ताओं की रसीद को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने की मांग की गई थी। न्यायालय ने कहा कि यह मामला सामूहिक निर्देश देने योग्य नहीं है, क्योंकि प्रत्येक आवेदन का स्वरूप और आधार अलग-अलग है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पाल और न्यायमूर्ति चैताली चट्टोपाध्याय की खंडपीठ ने कहा कि किसी व्यक्ति को नागरिकता मिलेगी या नहीं, यह पहले केंद्र द्वारा तय किया जाएगा। हर आवेदक की परिस्थिति भिन्न है, इसलिए इस विषय में कोई सामान्य आदेश पारित नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि नागरिकता से संबंधित निर्णय केंद्र के अधिकार क्षेत्र में है, न कि निर्वाचन आयोग के। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक चक्रवर्ती ने अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल से सीएए के नियमों के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वालों के मामलों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय अगले 10 दिनों के भीतर विचार करेगा और निर्णय देगा। अदालत को बताया गया कि राज्य के गृह विभाग को सभी लंबित आवेदन केंद्र को भेजने होंगे ताकि उन पर प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। राज्य सरकार की ओर से अदालत में कहा गया कि इस मामले में राज्य की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है, क्योंकि नागरिकता प्रदान करना केंद्र सरकार का विषय है। राज्य ने बताया कि आयोग (निर्वाचन आयोग) एसआईआर प्रक्रिया का कार्य स्वतंत्र रूप से कर रहा है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत में कहा कि देशभर में लगभग 50 हजार लोगों ने सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन किया है, लेकिन अब तक एक भी आवेदन का निस्तारण नहीं हुआ है। जबकि कानून के अनुसार प्रत्येक आवेदन पर अधिकतम 90 दिनों के भीतर निर्णय लिया जाना चाहिए। इस पर अदालत में केंद्र ने आश्वासन दिया कि नियमों के अनुसार 10 दिनों में सभी लंबित आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग का इस प्रक्रिया में कोई दायित्व नहीं है, क्योंकि नागरिकता का निर्धारण पूरी तरह से केंद्र सरकार के अधीन है। इसलिए जब तक केंद्र किसी व्यक्ति की नागरिकता की पुष्टि नहीं करता, तब तक एसआईआर प्रक्रिया में उसके दस्तावेज को स्वीकार या अस्वीकार करने का निर्णय नहीं लिया जा सकता।

## सियालदह मंडल के तहत ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

सियालदह मंडल के तहत **सियालदह और बिधाननगर रोड** स्टेशनों के बीच ब्रिज सं. 1 (किमी 0/18V - 0/31V) की लाइन सं. 5 पर **दिनांक 11.11.2025 को 23.45 बजे से दिनांक 12.11.2025 को 03.30 बजे तक 3 घंटे 45 मिनट के ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** के कारण, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:-

● **निरस्तीकरण [दिनांक 11.11.2025 (मंगलवार)] : (1) 31447 अप** सियालदह - नैहाटी लोकल, **(2) 31450 डाउन** नैहाटी - सियालदह लोकल, **(3) 32249 अप** सियालदह - डानकुनी लोकल और **(4) 32252 डाउन** डानकुनी - सियालदह लोकल;

● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त और संक्षिप्त यात्रा शुरू: 31542 डाउन** शांतिपुर - सियालदह लोकल दिनांक 11.11.2025 (मंगलवार) को बैरकपुर में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **31511 अप** सियालदह - शांतिपुर लोकल दिनांक 12.11.2025 (बुधवार) को बैरकपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी;

● **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का नियंत्रण: 13106 डाउन बलिया-सियालदह एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 11.11.2025) मार्ग में दिनांक 12.11.2025 (बुधवार) को 01 घंटा 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी;

● **पुनर्निर्धारण: 53171 अप सियालदह - लालगोला पैसेंजर** 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी अर्थात दिनांक 12.11.2025 (बुधवार) को ब्लॉक रद्द होने के बाद, सियालदह से 03.45 बजे के बदले 04.15 बजे छूटेगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ट्रेन सेवा में विलंब हो सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नए विवाद में फंसा एसएससी! 10 अंकों के नियम पर बढ़ा विरोध, मामला पहुंचा हाईकोर्ट तक



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। एकादश और द्वादश (कक्षा 11–12) स्तर के शिक्षक भर्ती नियमों में बदलाव को लेकर योग्य उम्मीदवारों के बीच नाराजगी बढ़ गई है। आयोग द्वारा अनुभवी उम्मीदवारों को अतिरिक्त 10 अंक देने के फैसले को चुनौती देते हुए कुछ उम्मीदवारों ने कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

इस याचिका में विश्वजीत विश्वास समेत कई उम्मीदवार शामिल हैं। उनके पक्ष के वकील आशिष कुमार चौधुरी ने अदालत में दलील दी कि जैसे नवम–दशम (कक्षा 9–10) और एकादश–द्वादश (कक्षा 11–12) स्तर की शैक्षणिक योग्यता अलग होती है, वैसे ही शिक्षण अनुभव भी भिन्न होता है। ऐसे में यदि 9–10वीं के शिक्षण अनुभव को 11–12वीं की भर्ती में अंक के रूप में जोड़ा जाता है, तो यह नियुक्ति नीति के विपरीत है।

वकील ने यह भी कहा कि वर्तमान नियमों के अनुसार अतिरिक्त अंक केवल संबंधित पद के कार्य अनुभव के आधार पर दिए जा सकते हैं। तो फिर कैसे 9–10 के शिक्षकों को 11–12 के पद के लिए अंक दिए जा रहे हैं – इस पर सवाल उठाया गया है।

आवेदनकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि जो शिक्षक वर्षों से सेवा कर रहे हैं, उनके लिए 'शिक्षण दक्षता मूल्यांकन' फिर से करना अपमानजनक है। उनका कहना है कि अनुभवी शिक्षकों को सीधे 10 अंक मिलने चाहिए, दोबारा मूल्यांकन नहीं।

इसके अलावा, याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान एसएससी बार–बार नीतियां बदल रहा है। सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर होने के बाद भी आयोग ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि योग्य शिक्षकों को विशेष लाभ कैसे दिया जाएगा।

मामले की सुनवाई सोमवार को न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की अदालत में हुई। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पक्षों को निर्देश दिया है कि वे अपना पक्ष लिखित रूप में प्रस्तुत करें। अगली सुनवाई की तारीख 12 नवंबर तय की गई है।

# ईएम बाइपास स्थित कसबा जेनेसिस अस्पताल का लाइसेंस रद्द

## मुआवज़ा नहीं देने पर स्वास्थ्य आयोग की सख्त कार्रवाई

**कोलकाता :** मरीज़ के परिजनों को मुआवज़ा न देने पर पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य आयोग ने ईएम बाइपास के किनारे स्थित कसबा जेनेसिस अस्पताल के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। लगातार 11 महीने की देरी और आदेश की अनदेखी के आयोग ने राज्य स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल का लाइसेंस अनिश्चितकाल के लिए रद्द करने का निर्देश दिया है।

आयोग के आदेश के अनुसार, जब तक मरीज़ के परिजनों को मुआवज़े की पूरी राशि नहीं दी जाती, तब तक अस्पताल में नए मरीज़ों की भर्ती पूरी तरह से बंद रखनी होगी। हालांकि, अस्पताल में पहले से भर्ती मरीज़ों के इलाज में किसी तरह की बाधा न हो, इसका भी विशेष निर्देश दिया गया है।

गौरतलब है कि करीब 11 महीने पहले एक मरीज़ के परिवार ने शिकायत की थी कि अस्पताल ने अनुचित रूप से अतिरिक्त बिल और अन्य शुल्क वसूले हैं। जांच के बाद आयोग ने अस्पताल को 3,68,889 रुपये मरीज़ के परिवार को लौटाने का आदेश दिया था।

लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने आदेश की अवहेलना की। आयोग की ओर से कई बार लिखित और ईमेल के माध्यम से संपर्क किए, जाने के बावजूद अस्पताल की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। यहां तक कि आज की सुनवाई के दौरान जब आयोग ने अस्पताल निदेशक डॉ. पूर्णेंदु रॉय से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, तब भी उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

अंततः आयोग ने राज्य स्वास्थ्य विभाग को आधिकारिक रूप से सूचित कर अस्पताल का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्देश जारी किया है।

# हाईकोर्ट से शुभेंदु अधिकारी को राहत, कोलाघाट थाने की प्राथमिकी पर 31 जनवरी तक रोक

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को कोलकाता हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोलाघाट थाने द्वारा दर्ज की गई स्वत: संज्ञान प्राथमिकी पर अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया है कि फिलहाल इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने कहा कि 22 मई 2024 को दर्ज की गई इस प्राथमिकी के आधार पर किसी भी तरह की कानूनी प्रक्रिया पर 31 जनवरी 2025 तक रोक रहेगी।

अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी। इस आदेश से शुभेंदु अधिकारी को दो महीने से अधिक की अतिरिक्त राहत मिल गई है। अदालत के निर्देश के बाद अब कोलाघाट स्थित शुभेंदु अधिकारी के दफ्तर या घर पर पुलिस तलाशी नहीं ले सकेगी।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों से पहले पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी के कोलाघाट ऑफिस में छापेमारी की थी, जिसके बाद थाने की ओर से स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उस कार्रवाई को चुनौती देते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता हाईकोर्ट का रुख किया था। पहले भी अदालत ने इस मामले में पुलिस कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाई थी।

सुनवाई में हाईकोर्ट ने इस रोक की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ा दी, जिससे शुभेंदु अधिकारी को फिलहाल कानूनी सुरक्षा कवच मिल गया है।

# परम सत्य के रूप में श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ : परम श्रद्धेय भाईश्री रमेश भाई ओझा

❑ **ईश्वर सत्य है, सत्य कल्याणकारी एवम् सुन्दर है**



**कोलकाता :** हरिओम नमो नारायण, श्रीमन्नारायण भगवान की जय ...भक्तिमय वातावरण में परम श्रद्धेय भाईश्री रमेश भाई ओझा ने श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल द्वारा काकुड़गाछी में श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण के सच्चिदानंद, वाङ्मय स्वरूप एवम् श्रीकृष्ण जन्म – उत्सव के प्रसंग में अपनी दिव्य, मधुर वाणी में प्रवचन से श्रोताओं को भाव – विभोर किया। भाईश्री रमेश भाई ओझा ने कहा परम सत्य के रूप में श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ। धर्म एवम् श्रद्धालु भक्तों की रक्षा के लिये भगवान का श्रीकृष्ण रूप में अवतार हुआ। कोई पियो रे प्याला, श्याम रस का ... भक्ति भजनों की अमृत वर्षा से श्रद्धालु भक्त भाव – विभोर हो गये। भाईश्री ने प्रेरक प्रवचन में कहा ईश्वर सत्य है, सत्य कल्याणकारी एवम् सुन्दर है। सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम्। सत्य ही धर्म है, सत्य कामधेनु की तरह मनोकामना पूर्ण करता है। भाईश्री ने कहा गीता, रामचरित मानस, रामायण, धार्मिक ग्रन्थ संवाद है। श्रीकृष्ण के तीन सखा – ज्ञानी सखा उद्धव, भक्त मित्र सुदामा, कर्मयोगी सखा अर्जुन थे। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म मार्ग का अनुसरण करने, क्षत्रिय धर्म का पालन करने की प्रेरणा दी। धर्म मार्ग सत्मार्ग है। भाईश्री ने कहा श्रीमद्भागवत महा–पुराण जीवन की सच्चाई से रूबरू कराता है। मानव जीवन में परस्पर सद्भावना से संवाद जरूरी है। कलि के प्रभाव से अधर्म बढ़ता है, व्यक्ति – समाज का जीवन अशान्त, दुःखमय होता है। धर्म, श्रद्धालु भक्तों की रक्षा के लिये भगवान का अवतार होता है। दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करें, अपने विवेक से सत्मार्ग का अनु–सरण करें। विश्व शान्ति, जीवन में सुख – शान्ति के लिये परस्पर संवाद जरूरी है। भाईश्री ने कहा श्रीमद्भागवत की रचना से व्यास जी को आत्मीय सुख का अनुभव हुआ। भगवान में आस्था, भक्ति के लिये वेदों का सन्देश जन – जन तक पहुंचे, यही वैदिक सनातन हिन्दू धर्म के मनीषियों का लक्ष्य है। धर्मानुरागी, समाजसेवी अशोक – अम्बिका बाजोरिया परिवार, बनवारीलाल सोती, नरेन्द्र, सुरेन्द्र अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, प्रदीप ढेडिया, सुशील मोहता, हरीश मुरारका, संजय हरलालका, नरेश अग्रवाल, दीनदयाल तोदी, संजय अग्रवाल, हेमचन्द अग्रवाल, दीपक बंका, अनिल चौधरी, विष्णु शर्मा एवम् पोथी यजमानों ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया तथा सामूहिक आरती में शामिल हुए।

# हावड़ा मंडल ने केंद्रीय विद्यालय बामनगाछी में मनाया जनजातीय गौरव दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने जनजातीय गौरव दिवस 2025 और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को केंद्रीय विद्यालय, बामनगाछी में एक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किए और शैक्षणिक सत्र में भगवान बिरसा मुंडा और अन्य जनजातीय नायकों के जीवन, उनके संघर्ष और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को प्रदर्शित किया। केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता, उत्साह और भारत की जनजातीय विरासत तथा सांस्कृतिक विविधता की गहरी समझ का प्रदर्शन किया। इस अवसर का उद्देश्य भारत की जनजातीय समुदायों की समृद्ध परंपराओं, वीरता और विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा युवा छात्रों में उनके योगदान के प्रति गर्व और सम्मान का भाव विकसित करना था। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और आयोजकों के प्रयासों की सराहना और प्रोत्साहन के शब्दों के साथ किया गया।

# कोलकाता हवाई अड्डे पर टेकऑफ से पहले निजी हवाई जहाज से निकला धुआं

## मची अफरा–तफरी, उड़ान भरने में हुई देरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हवाई अड्डे पर सोमवार की सुबह उड़ान भरने से ठीक पहले एक निजी विमान के इंजन से धुआं निकलता देखा गया, जिसके बाद उसे गहन निरीक्षण के लिए वापस 'टैक्सी बे' ले जाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पायलट ने तुरंत हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) को सूचित किया, जिसने विमान को रुकने और 'टैक्सी बे' वापस लाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि एनएससी बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने तुरंत स्थिति पर नियंत्रण पा लिया। हवाई अड्डे के सूत्रों के अनुसार, छह यात्रियों वाला यह विमान उड़ान भरने के लिए रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी एक अन्य विमान के पायलट ने इसके इंजन से धुआं निकलते देखा। यह निजी विमान कोलकाता से भोपाल जा रहा था। हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने बताया कि एटीसी ने सुबह 11:33 बजे पूर्ण आपातकाल स्थिति की घोषणा की और हवाई जहाज के निरीक्षण के बाद सुबह 11:40 बजे उस घोषणा को वापस ले लिया गया। कोलकाता हवाई अड्डे के निदेशक सी. पट्टोवी ने कहा कि विमान का गहन निरीक्षण किया गया, लेकिन कोई तकनीकी समस्या या आग के संकेत नहीं मिले। पट्टोवी ने बताया कि विस्तृत जांच के बाद, निजी विमान को उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई और लुबह लगभग 11:44 बजे विमान ने उड़ान भरी।

# सियालदह मंडल में मेंटेनेंस कार्य के कारण ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के चलते 11 नवंबर की रात 11:45 बजे से 12 नवंबर की सुबह 03:30 बजे तक सियालदह और विधाननगर रोड स्टेशनों के बीच ब्रिज नंबर 01 की लाइन संख्या 05 पर 225 मिनट का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लागू किया जाएगा। इस कारण कुछ ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किए गए हैं।11 नवंबर 2025 को रद्द की गई ट्रेनों में 32249 सियालदह–डानकुनी लोकल, 32252 डानकुनी–सियालदह लोकल, 31447 सियालदह–नैहाटी लोकल और 31450 नैहाटी–सियालदह लोकल। इसके अलावा, 31542 शांतिकुर–सियालदह लोकल को 11 नवंबर को बैरकपुर पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा, जबकि 31511 सियालदह–शांतिकुर लोकल 12 नवंबर को बैरकपुर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। साथ ही, 13106 बलिया–सियालदह एक्सप्रेस (11 नवंबर आरंभ) को 12 नवंबर को मार्ग में 90 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा, और 53171 सियालदह–लाल–गोला पैसेंजर ट्रेन 12 नवंबर को अपने निर्धारित समय 03:45 बजे के बजाय 04:15 बजे सियालदह से रवाना होगी।

# 310 बच्चों एवं वृद्ध महिला और पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण, कम्बल, फल - भोजन वितरण

**कोलकाता :** श्रद्धेय पुष्कर लाल जी केडिया द्वारा स्थापित मनीषिका ने द रिफ्यूज़ अनाथ आश्रम में 310 बच्चों एवं वृद्ध महिला और पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण, कम्बल, फल – भोजन वितरण का सेवा कार्य सम्पन्न किया। संयोजक मोहनलाल केडिया ने बताया सेवा शिविरों का आयोजन मनीषिका प्रति माह कर रही है। मारवाड़ी युवक – युवतियों का निःशुल्क विवाह विधि – विधान से मनीषिका सभागार में करने की भावी योजना है। मनीषिका द्वारा समय समय पर धार्मिक एवं साहित्यिक पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी समाजसेवी पवन कानोड़िया, निखिल केडिया एवम्



कार्यकर्ताओं की सेवा भावना की सभी ने सराहना की। मनीषिका के अध्यक्ष राजकुमार केडिया, सचिव अमित केडिया, पवन केडिया ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शकुंतला बाजोरिया एवं परिवार, पवन केडिया एवं परिवार, राजकुमार केडिया, संगीता केडिया, बिनोद बाचुका, गणेश सिंह , सचिन अग्रवाल, सुशील केडिया, विनय पांडेय, त्रिप–ुरारी झा, जया एवं पुष्कर लाल केडिया स्काउट्स एंड गाइड के बच्चे सेवा कार्य में सक्रिय रहे।

### आधार हाउसिंग फाइनेंस ने दर्ज की 21% एयूएम और 18% पीएटी वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। कंपनी ने 30 सितंबर 2025 तक अपनी प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों में 21% की वृद्धि दर्ज करते हुए इसे 27,554 करोड़ तक पहुंचाया। वहीं, कर पश्चात लाभ में 18% की वृद्धि दर्ज की गई, जो 504 करोड़ रहा। कंपनी की कुल आय 18% बढ़कर 1,751 करोड़ हो गई। नेटवर्थ 6,894 करोड़ रही, जिसमें 1,000 करोड़ की आईपीओ आय शामिल है। 30 सितंबर 2025 तक सकल एनपीए 1.42% और शुद्ध एनपीए 1.0% रहा। कंपनी के एमडी और सीईओ ऋषि आनंद ने कहा कि किफायती आवास क्षेत्र में स्थिर मांग और नीतिगत सुधारों से प्रदर्शन मजबूत रहा। उन्होंने बताया कि 'जीएसटी 2.0' ढांचे, पीएमएवाई–शहरी 2.0 और सरकारी पहलों से आने वाले महीनों में इस क्षेत्र की विकास गति और मजबूत होने की उम्मीद है।

# आसनसोल मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के अंतर्गत वर्दवान–आसनसोल सेक्शन में दुर्गापुर स्टेशन पर 2 नवंबर से 23 नवंबर तक प्रस्तावित प्री नॉन–इंटरलॉकिंग/नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किए गए थे। रेलवे द्वारा जारी पूर्व सूचना में संशोधन करते हुए अब कुछ अतिरिक्त ट्रेनों के रद्दीकरण, पुनर्निर्धारण और बहाली की घोषणा की गई है।

इस दौरान, वर्दवान–आसनसोल एवं आसनसोल–वर्दवान रूट की कई मेमू ट्रेनें जैसे 63515, 63517, 63521, 63516, 63518, 63524, 63522, 63527 और 63528 को 5 नवंबर से 23 नवंबर तक विभिन्न तिथियों पर रद्द किया गया है। वहीं, 13151 कोलकाता–जम्मू तवी एक्सप्रेस को 150 मिनट, 12369 हावड़ा–हरिद्वार एक्सप्रेस को 135 मिनट, 12305 हावड़ा–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को 45 मिनट तथा 22347/22348 हावड़ा–पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को 255 मिनट की देरी से प्रस्थान करने के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, अन्य प्रमुख ट्रेनों को भी 100 से 315 मिनट तक विलंब से चलाने की सूचना दी गई है।

रेलवे ने बताया कि पहले से पुनर्निर्धारित या रद्द की गई कुछ ट्रेनें अब सामान्य समयानुसार चलेंगी, जिनमें 12313 सियालदह–नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12259 सियालदह–बीकानेर दूरंतो एक्सप्रेस, 22304 गया–हावड़ा वंदेभारत एक्सप्रेस, 11447 जबलपुर–हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस सहित 63507, 63505 और 63508 जैसी स्थानीय मेमू ट्रेनें शामिल हैं।

# उत्तर प्रदेशीय देसवारी समाज का दीपावली मिलन समारोह, समाज रत्न से सम्मानित हुए वरिष्ठ सदस्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर प्रदेशीय देसवारी समाज द्वारा कोलकाता के कलाकुंज सभागार में सोमवार को भव्य दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं विशिष्ट सदस्यों को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसे समाज की प्रतिभाशाली बेटी श्रीमती द्विवेदी ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डी.जी. आपदा प्रबंधन जगमोहन जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



समारोह के दौरान समाज की ओर से कुल 12 वरिष्ठ सदस्यों को समाज रत्न सम्मान से नवाजा गया। सम्मानित सदस्यों में ताराचंद मिश्रा, गणेश शंकर तिवारी, तारक नाथ त्रिवेदी, सतीश चंद्र गुप्ता, हरिशंकर शुक्ला, शिव दयाल मिश्रा, शिव किशोर मिश्रा, काशीनाथ पाण्डेय, लक्ष्मीकांत तिवारी, राम स्वरूप त्रिवेदी, बीरेंद्र कुमार शुक्ला एवं राजेंद्र द्विवेदी समेत सभी अभिभूतियो को तिलक लगा कर शॉल प्रदान कर एवं प्रस्सति पत्र देकर समाज रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। शानवी शुक्ला, शिव्या शुक्ला, परी मिश्रा एवं रुद्रांश शुक्ला ने अपने मनमोहक नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, समाज की महिला सदस्य संध्या बाजपेयी के घूमर नृत्य ने सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाज का छह वर्षीय नन्हा बाल कलाकार रिवान्स शुक्ला (सुपुत्र प्रशांत शुक्ला, सुपौत्र सतीश शुक्ला) रहा, जिसने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। समारोह के अंत में आमंत्रित कलाकार स्पंदन घोष एवं अहाना घोष ने अपने सुरीले हिंदी गीतों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# मालदह मंडल ने टिनपहाड़ स्टेशन पर फोर्स्ड लेआउट हटाकर बढ़ाई सुरक्षा और परिचालन दक्षता




**मालदह :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने रेल परिचालन की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंडल ने ट्रैक ज्योमेट्री और परिचालन विश्वसनीयता में सुधार के लिए कई पहलें की हैं, जिनके तहत टिनपहाड़ स्टेशन पर फोर्स्ड लेआउट को सफलतापूर्वक हटाया गया। यह कार्य 10 नवंबर 2025 को पूरा किया गया। इस तकनीकी कार्य के अंतर्गत डाउन लाइन पर प्वाइंट नंबर 55बी को बरहरवा छोर की ओर 4 मीटर स्थानांतरित किया गया। इस इंजीनियरिंग हस्तक्षेप से क्रॉसओवर और लूप लाइन में मौजूद विकृतियां समाप्त हो गईं, जिससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम और ट्रैक एलाइनमेंट बेहतर हुआ है। यह परियोजना इंजीनियरिंग, ऑपरेटिंग, ट्रैक्शन तथा सिग्नल एवं टेलीकॉम विभागों के समन्वित प्रयासों से सफलतापूर्वक पूरी की गई। कार्य की पूर्णता से रेल संचालन की सुरक्षा, विश्वसनीयता, दक्षता और समयबद्धता में उल्लेखनीय सुधार होगा। मालदह मंडल की यह उपलब्धि पूर्व रेलवे की सुरक्षित, कुशल और निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का विशेष 11:11 ऑफर – समृद्धि और नई शुरुआत का उत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स वर्ष के सबसे शुभ दिन 11 नवंबर (11:11) के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष इंडिया अबंडेंस डे सेलिब्रेशन ऑफर लेकर आया है। की घोषणा की है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुवंकर सेन ने कहा, अंक ज्योतिष में 11 को एक 'मास्टर नंबर' माना जाता है, जो अंतर्ज्ञान, प्रेरणा और आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक है। जब 11:11 की पुनरावृत्ति होती है, तो यह नए आरंभ और अपने सच्चे उद्देश्य के साथ सामंजस्य का संकेत देती है। यह दिन अपने सपनों को साकार करने और ब्रह्मांड से जुड़ने का अवसर है। इस अवसर पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर पेश किए हैं – जिनमें गोल्ड ज्वेलरी पर 1111



प्रति ग्राम तक मेकिंग चार्ज में छूट, डायमंड ज्वेलरी पर 11.11% तक की छूट और 0% मेकिंग चार्ज, पोल्की ज्वेलरी पर 11.11% तक की छूट, पुराने सोने के बदले नई ज्वेलरी पर 0% कटौती और 11.11% तक की छूट, तथा सिल्वर ज्वेलरी और रत्नों पर 11.11% तक की छूट शामिल हैं। ये ऑफर 5 नवंबर से 11 नवंबर तक सभी सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स शोरूम्स में उपलब्ध रहेंगे। ग्राहक इन ऑफरों का लाभ ऑनलाइन भी उठा सकते हैं।

# आईआईटी खड़गपुर के निदेशक ने प्रतिष्ठित विज्ञान सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के निदेशक प्रोफेसर सुमन चक्रवर्ती बर्लिन में प्रतिष्ठित 'फॉलिंग वॉल्स साइंस समिट 2025' में हिस्सा लेने वाले 'भारतीय संस्थान के एकमात्र आमंत्रित शैक्षणिक प्रमुख' थे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह आयोजित इस शिखर सम्मेलन में नोबेल पुरस्कार विजेताओं, नवप्रवर्तकों, वैश्विक नीति निर्माताओं और विश्वविद्यालय के शीर्ष पदाधिकारियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने वाले परिवर्तनकारी विचारों पर चर्चा करने



के लिए आमंत्रित किया गया था। संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि आईआईटी–खड़गपुर और भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए चक्रवर्ती ने संस्थान के अग्रणी अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि चक्रवर्ती ने अंतर्विषयक विज्ञान, सतत प्रौद्योगिकी और समावेशी नवाचार के वैश्विक संचालक के रूप में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि चक्रवर्ती ने आईआईटी–खड़गपुर को भविष्य के लिए तैयार संस्थान के रूप में प्रस्तुत किया, जो प्रगाढ़ अंतरराष्ट्रीय सा–झेदारी के माध्यम से शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि विचारों के इस वैश्विक समागम में आईआईटी–खड़गपुर और भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात थी। 'फॉलिंग वॉल्स' में सहयोग और नवाचार की भावना आईआईटी–खड़गपुर को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सामाजिक परिवर्तन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन को और मज़बूत करती है।

### हावड़ा मंडल ने मनाई वंदे मातरम के 150 वर्षों की गौरवशाली वर्षगांठ



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने पूरे देश के साथ मिलकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया। यह उत्सव राष्ट्रगीत के उस अमर संदेश – एकता, बलिदान और मातृभूमि के प्रति प्रेम को समर्पित है, जिसने देशवासियों को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रेरित किया। इस अवसर पर सोमवार को बंडेल सरत चंद्र इंस्टीट्यूट की ओर से बंडेल स्टेशन क्षेत्र में एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों ने देशभक्ति का संदेश फैलाया। उसी दिन रामपुरहाट स्टेशन पर भी प्रेरणा संस्था के बच्चों, रामपुरहाट रेलवे इंस्टीट्यूट के सदस्यों और रेलवे कर्मचारियों ने प्रभात फेरी निकाली। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रीय गर्व, एकता और समर्पण का संदेश दिया। हावड़ा मंडल ने इस अवसर पर महान साहित्यकार और वंदे मातरम के रचयिता ऋषि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रगीत में निहित साहस, सौहार्द्र और देशभक्ति के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

### नदिया में एसआईआर आतंक से वृद्ध की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चल रहे एसआईआर अभियान के बीच नदिया जिले में 70 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान श्यामल कुमार साहा के रूप में हुई है, जो ताहेरपुर थानांतर्गत कृष्णचकपुर मंडलपाड़ा के निवासी थे। इस घटना को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ गई है। परिवार का दावा है कि उनकी मृत्यु एसआईआर प्रक्रिया को लेकर उत्पन्न तनाव और चिंता के कारण हुई। पुलिस के अनुसार, साहा ने पिछले कुछ दिनों से खाना–पीना लगभग बंद कर दिया था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि मृतक को जब यह पता चला कि 2002 की मतदाता सूची से उनका नाम गायब है, तो वे अत्यधिक चिंतित हो गए। परिवार का कहना है कि उनके पास सभी वैध दस्तावेज, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड और संपत्ति के कागजात आदि मौजूद थे, फिर भी वे डरे हुए थे।

## नंदीग्राम दिवस पर मुख्यमंत्री एवं अभिषेक बनर्जी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# अपना नाम भूल सकती हूं पर नंदीग्राम नहीं : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नंदीग्राम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि यह आंदोलन राज्य की राजनीतिक दिशा बदलने वाला ऐतिहासिक क्षण था। मुख्यमंत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने संदेश में लिखा कि मैं अपना नाम भूल सकती हूं, लेकिन नंदीग्राम को कभी नहीं भूल सकती। उन्होंने विश्व भर के सभी शहीदों को भी नमन किया। ममता बनर्जी ने अपने संदेश में कहा कि उनकी सरकार किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और नंदीग्राम की विरासत इस संकल्प की आधारशिला है।

### जैसे 2011 में माकपा को सिखाया, वैसे ही सिखाएंगे भाजपा को सबक : अभिषेक बनर्जी

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि जैसे 2011 में राज्य की जनता ने वाम मोर्चे को सत्ता से बाहर कर सबक सिखाया था, वैसे ही आने वाले समय में भाजपा को भी सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने यह टिप्पणी पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम गोलीकांड की 18वीं बरसी पर की, जिसमें वर्ष 2007 में पुलिस की गोलीबारी में 14 लोगों की मौत हुई थी। सोमवार को मीडिया से बातचीत में अभिषेक बनर्जी ने भाजपा का नाम लिए बिना उसे दिल्ली के जमींदार बताया और कहा कि बंगाल ने वाम मोर्चे को ऐसा सबक सिखाया जिसे वे कभी नहीं भूल पाएंगे। आज हम वही संदेश दिल्ली के जमींदारों को भेज रहे हैं। बंगाल दृढ़ता से मुकाबला करेगा, अहंकार को मतपेटी में कुचल देगा और इस बहिष्कार की राजनीति को इतिहास के कूड़ेदान में डाल देगा। चुनाव आयोग द्वारा राज्य में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की आलोचना करते हुए अभिषेक ने इसे 'मूक अदृश्य धांधली' करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह 'मूक अदृश्य धांधली' दरअसल 2011 से पहले वाम मोर्चे की 'वैज्ञानिक धांधली' का नया रूप है। उन्होंने कहा कि 2007 के इस दुर्भाग्यपूर्ण दिन पर नंदीग्राम के बहादुर लोगों ने अपनी भूमि, गरिमा और सम्मानजनक जीवन के अधिकार की रक्षा के लिए वाम मोर्चा सरकार के बर्बर दमन के खिलाफ विद्रोह किया था। केवल अत्याचार करने वालों का चेहरा बदला है, अत्याचार वैसा ही है। कल के 'हरमद' आज के 'जल्लाद' बन गए हैं।

## एसएससी भर्ती घोटाला मामले में गिरफ्तार तृणमूल विधायक को लेकर ईडी ने किये नये खुलासे

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसएससी भर्ती घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया है कि मामले में गिरफ्तार तृणमूल विधायक जीवन कृष्ण साहा और उनके सहयोगियों ने न केवल अयोग्य अभ्यर्थियों से, बल्कि योग्य उम्मीदवारों से भी नौकरियां दिलाने के नाम पर भारी रकम वसूली थी। केंद्रीय एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार की सुबह बताया कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर कई उम्मीदवारों से बड़ी धनराशि ली गई। ईडी का कहना है कि साहा की अगुवाई में गठित एक संगठित गिरोह ने पैसों के बदले सरकारी नौकरियां बेचीं। जांच में यह भी सामने आया है कि साहा इस पूरे नेटवर्क का मुख्य योजनाकार था। ईडी सूत्रों ने बताया



कि योग्य उम्मीदवारों के बीच भी भय और लालच दोनों का इस्तेमाल किया गया। कई को कहा गया कि नौकरी पाने के लिए उन्हें पैसा देना होगा, और जो मना करते थे, उन्हें नियुक्ति पत्र रद्द करने की धमकी दी जाती थी। आरोप है कि कुछ मामलों में 10 लाख रुपये से लेकर 16.50 लाख रुपये तक की मांग की गई। सूत्रों के मुताबिक, कई अभ्यर्थियों ने ईडी को दिए बयान में साहा और उसके सहयोगियों को धनराशि देने का पूरा ब्यौरा साझा किया है। कई ने यह भी कहा कि जब उन्होंने पैसा देने से इनकार किया, तो उनकी भर्ती में देरी की गई या नियुक्ति रद्द कर दी गई। जानकारी के अनुसार, साहा के निर्देश पर यह लेनदेन नेटवर्क जिला और राज्य स्तर पर बनाया गया था। ईडी अब इस नेटवर्क के जरिए हुए धन के आदान-प्रदान की कड़ियां खंगाल रही है। साथ ही, मोबाइल संदेशों और बैंक लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों को साक्ष्य के रूप में एकत्र किया जा रहा है। जांचकर्ताओं का मानना है कि भ्रष्टाचार का यह नेटवर्क पूरे राज्य में फैला हुआ था। आने वाले दिनों में ईडी की योजना साह से उन अभ्यर्थियों के समक्ष आमना-सामना कर पूछताछ करने की है।

### एसआईआर के 'खौफ' में जहर खाने से हुगली की महिला की मौत, छह साल की बेटी अस्पताल में भर्ती

**हुगली :** एसआईआर के डर से एक और मौत की खबर सामने आई है। हुगली जिले के धनियाखाली में रविवार को एक महिला ने अपनी छह साल की बेटी के साथ जहर खा लिया। दोनों को तुरंत एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सोमवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, धनियाखाली थाना क्षेत्र के सोमसपुर-2 ग्राम पंचायत के काना नदी इलाके में रहने वाली उस महिला के घर बीएलओ एन्यूमरेशन फॉर्म देने पहुंचे थे। परिवार के अन्य सभी सदस्यों को फॉर्म मिल गया, लेकिन महिला को नहीं मिला। परिवार का कहना है कि इसी वजह से वह चिंता में पड़ गई थी। परिजनों के अनुसार, महिला की शादी दस साल पहले हरिपाल इलाके में हुई थी। लेकिन पारिवारिक कलह के चलते वह अपने मायके, धनियाखाली लौट आई और अपनी बेटी के साथ वहीं रहने लगी। ससुराल वालों से उसका कोई संपर्क नहीं था। परिवार का कहना है कि उसे यह भी नहीं पता था कि एन्यूमरेशन फॉर्म उसके ससुराल के पते पर गया है या नहीं। महिला के पिता ने कहा कि दोपहर करीब एक बजे मेरी बेटी की मौत हो गई।

### मालदह में ट्रक और डंपर की आमने-सामने टक्कर में चालक और खलासी की मौत

**मालदह :** पुरातन मालदह में सोमवार के तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा पुरातन मालदह बाइपास संलग्न छोटसुजापुर क्षेत्र में उस समय हुआ, जब एक ट्रक और एक डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार, फरक्का से गाजोल की ओर जा रहा ट्रक तेज रफ्तार में था, तभी विपरीत दिशा से आ रहे डंपर से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक के चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को मालदह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया। सूचना पाकर मालदह थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहूंची, दोनों वाहनों को जब्त कर सड़क से हटाया गया। कुछ समय के लिए दुर्घटनास्थल पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस की तत्परता से सामान्य कर दिया गया।

### वर्कमेट्स का आईपीओ 11 नवम्बर से खुलेगा, 69.84 करोड़ जुटाने का लक्ष्य

**कोलकाता :** कोलकाता स्थित क्लाउड और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन कंपनी वर्कमेट्स कोर2क्लाउड सॉल्यूशन लिमिटेड का 69.84 करोड़ का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 11 नवम्बर 2025 को खुलेगा। इसका प्राइस बैंड 200 से 204 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है । एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 नवम्बर को खुलेगी। चित्तौड़गढ़.कॉम के विश्लेषक दिलीप दावड़ा के अनुसार, वर्कमेट्स क्लाउड और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सेवाओं के लिए एडब्ल्यूएस पार्टनर का दर्जा रखती है। एआई और जेनरेटिव एआई की बढ़ती मांग के बीच कंपनी के भविष्य की संभावनाएँ उज्ज्वल हैं।

### म्यूचुअल फंड्स ने आईपीओ में 8,752 करोड़ आवंटित किए

**कोलकाता :** पूर्ण-सेवा स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफ़ॉर्म, वेंचुरा के एक अध्ययन के अनुसार, सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही में, म्यूचुअल फंड उद्योग ने नई सूचीबद्ध कंपनियों में मज़बूत भागीदारी दिखाई है, और हाल के आईपीओ में कुल निवेश 8,752 करोड़ से अधिक रहा है। यह अध्ययन वेंचुरा के निदेशक, जुज़र गबाजीवाला द्वारा किया गया था। इन नए प्रवेशकों में से अधिकांश स्मॉल-कैप श्रेणी में आते हैं, केवल एक को मिड-कैप के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह डेटा म्यूचुअल फंड उद्योग के छोटे, स्केलेबल व्यवसायों के लिए रणनीतिक आवंटन को उजागर करता है जिनमें समय के साथ बेहतर रिटर्न देने की क्षमता है।

## एक झटके में 4 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी! बांग्लार डेयरी के दूध की नई कीमतें जारी

**कोलकाता :** नवंबर के दूसरे सप्ताह में 'बांग्लार डेयरी' ने दूध की कीमतों में बड़ा इज़ाफा किया है। अब प्रति लीटर दूध की कीमत में औसतन 2 से 4 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इससे आम उपभोक्ताओं, खासकर मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है। बच्चों के लिए रोजाना दूध खरीदना अब पहले से ज़्यादा महंगा हो गया है। सूत्रों के अनुसार, सोमवार से नई कीमतें लागू हो गई हैं। 'बांग्लार डेयरी' के अलग-अलग प्रकार के दूध की कीमतें भी अलग-अलग रखी गई हैं। पहले 'सुप्रीम दूध' एक लीटर के लिए 56 रुपये में मिलता था, लेकिन अब इसकी कीमत 60 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं 'तृप्ति दूध' की कीमत 52 रुपये से बढ़कर 54 रुपये प्रति लीटर हो गई है। 'स्वास्थ्य साथी डबल टोन दूध' पहले 46 रुपये में मिलता था, अब इसकी कीमत 48 रुपये प्रति लीटर होगी। इसी अनुपात में सभी प्रकार के 500 ग्राम पैक वाले दूध की कीमतें भी बढ़ाई गई हैं। हालांकि, घी और पनीर जैसे अन्य डेयरी उत्पादों के दाम में कोई विशेष वृद्धि नहीं की गई है। राज्य के पशुपालन विकास विभाग ने इस मूल्यवृद्धि के पीछे बढ़ती उत्पादन लागत और महंगाई को कारण बताया है। विभाग के मंत्री स्वपन देबनाथ ने कहा, इस साल भारी बारिश की वजह से कई फसलें नष्ट हो गई हैं, जिससे मवेशियों के चारे की कमी हो गई है। दूध उत्पादन के लिए आवश्यक पशुआहार की कीमतें भी बढ़ी हैं। इन परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने के लिए कीमतें बढ़ाना पड़ा। हालांकि, मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार की हमेशा यह कोशिश रहती है कि दूध जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतें आम जनता की पहुंच से बाहर न जाएं।

## 315 करोड़ के साइबर फ्रॉड में बंगाल के उद्योगपति पर जांच एजेंसियों की नजर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता, समाज्ञा : पश्चिम बंगाल के एक उद्योगपति 315 करोड़ के साइबर ठगी मामले में पुलिस जांच के घेरे में आ गए हैं। दरअसल, राज्य और देशभर के हज़ार से अधिक लोग कथित तौर पर नकली निवेश ऐप्स और अन्य ऑनलाइन योजनाओं के जाल में फंसकर ठगी के शिकार हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ठगे गए धन का एक हिस्सा उद्योगपति, उनकी कंपनी और परिवार के कुछ सदस्यों के बैंक खातों के माध्यम से गुजरा है। इस संबंध में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और वित्तीय लेन-देन के स्रोत की पुष्टि की जा रही है। जांच के हिस्से के रूप में पुलिस ने हाल ही में कोलकाता स्थित उद्योगपति के आवास पर छापा मारा। अधिकारियों ने परिवार के कुछ सदस्यों और कंपनी के अधिकारियों से भी पूछताछ शुरू की है। सूत्रों के अनुसार, यह साइबर धोखाधड़ी कई माध्यमों से की गई – जिनमें सोशल मीडिया पर नकली निवेश योजनाएं और तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम शामिल हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि इन तरीकों से अर्जित सैकड़ों करोड़ रुपये विभिन्न कंपनियों के खातों में जमा कराए गए। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि ठगों ने बड़ी रकम कुछ चुनिंदा बैंक खातों में ट्रांसफर की, जिन्हें बाद में फर्जी कंपनियों के नाम पर खोले गए खातों में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस को संदेह है कि ठगी से प्राप्त रकम का एक हिस्सा क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश भेजा गया। जांच के दौरान पुलिस ने एक निजी संगठन का पता लगाया, जिसके माध्यम से यह अवैध लेन-देन किया गया। इस संगठन और इसकी शाखाओं के पास 11 बैंक खाते हैं, जिनमें असामान्य रूप से उच्च लेन-देन दर्ज हुए, कुल लगभग 97 करोड़ रुपये। अधिकारियों ने पाया कि इन खातों का देशभर में दर्ज कम से कम 544 साइबर अपराध मामलों से संबंध है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या उद्योगपति, उनके परिजनों या संबंधित कंपनियों का इन खातों से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध है। शिकायतों में यह भी उल्लेख किया गया है कि कम से कम 23 साइबर ठगी मामलों के धन को उद्योगपति और उनके परिवार के खातों से होकर भेजा गया। शुरुआती जांच में 147 कंपनियों के नाम सामने आए हैं, जिनमें से 73 कोलकाता के बड़ाबाजार इलाके में पंजीकृत हैं, जबकि शेष अन्य हिस्सों में स्थित हैं। अब तक जांचकर्ताओं ने लगभग 1,400 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जो इस 315 करोड़ के साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़ी हुई बताई जा रही हैं।

## न्यूज अपडेट

### यात्री साथी परियोजना को केंद्र से मिली सराहना, ममता ने जताई खुशी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार की कन्याश्री परियोजना के बाद अब सरकार की एक और परियोजना को केंद्र से प्रशंसा मिली है। इससे पहले, स्वास्थ्य साथी परियोजना को केंद्र का सम्मान मिला था। और अब 'यात्री साथी' परियोजना को केंद्र की सर्वश्रेष्ठ शहरी परिवहन परियोजना का सम्मान मिला है। राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा संचालित यात्री साथी परियोजना को भारत सरकार के केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ शहरी परिवहन परियोजना की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। जैसे ही यह खबर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक पहुंची, उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि यह राज्य के लिए गर्व का क्षण है। लोगों के हित में विकसित इस परिवहन प्रणाली का कई राज्यों में पहले से ही अनुसरण किया जा रहा है। अब तक इस परियोजना के माध्यम से 1.42 करोड़ यात्राएं पूरी हो चुकी हैं, जिससे 1.3 लाख चालकों और 45 लाख यात्रियों को लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री के अनुसार, इस असाधारण कार्य में शामिल सभी लोगों को हार्दिक बधाई। यह एक बार फिर सिद्ध हो गया है – बंगाल जो आज सोचता है, भारत कल वही सोचता है।

### लिलुआ में असामाजिक तत्वों का हमला, बमबाजी से इलाके में फैली दहशत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के लिलुआ स्थित चकपाड़ा इलाके में सोमवार देर रात बमबाजी और असामाजिक तत्वों के हमले की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह घटना पुरानी दुश्मनी और इलाके पर कब्जे की कोशिश के कारण हुई है। वहीं, पुलिस ने दावा किया है कि कई संदिग्धों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, घटना की शुरुआत 12 अक्टूबर की रात से हुई थी, जब चकपाड़ा क्षेत्र में कुछ लोगों ने महिलाओं और पुरुषों पर हमला किया था। इस संबंध में स्थानीय निवासियों ने लिलुआ थाने में मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि मामला वापस लेने के लिए पीड़ितों को लगातार धमकाया जा रहा था। इसी क्रम में, सोमवार रात डर फैलाने के उद्देश्य से चार बम फेंके गए, जिनमें से एक सनद घोष नामक व्यक्ति के घर पर भी गिरा। घटना की सूचना मिलते ही लिलुआ थाने की पुलिस और रैफ का दस्ता मौके पर पहुंचा। हावड़ा सिटी पुलिस के डीसीपी (नॉर्थ) विश्वचंद ठाकुर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। इलाके में पुलिस पिकेट लगा दी गई है और स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है।

### मतुआ समुदाय की भूख हड़ताल छठे दिन भी जारी, तीन और अस्पताल में भर्ती



❑ **बीमार अनशनकारियों से मिली तृणमूल सांसद ममताबाला ठाकुर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली दौरे से लौटते ही तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद ममताबाला ठाकुर ने ठाकुरनगर में चल रहे मतुआ समुदाय के आंदोलन मंच पर बीमार अनशनकारियों का हालचाल लिया। सोमवार की सुबह ममताबाला ठाकुर बनगांव महकमा अस्पताल पहुंचीं, जहां उन्होंने 65 वर्षीय निताई मंडल से मुलाकात की। बता दें कि निताई मंडल एसआईआर के विरोध में ठाकुरनगर में जारी आमरण अनशन कार्यक्रम में शामिल थे और गंभीर रूप से बीमार पड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ममताबाला ठाकुर ने अस्पताल में डॉक्टरों से निताई मंडल की स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत जानकारी भी ली। उल्लेखनीय है कि ममताबाला ठाकुर विशेष कार्य से दिल्ली में थीं, जिसके कारण वे अनशन मंच पर अब तक उपस्थित नहीं हो पाई थीं। दिल्ली से लौटते ही उन्होंने आंदोलनकारियों के प्रति एकजुटता का संदेश दिया और कहा कि वे उनके साथ हैं।

### भाजपा नेता रितेश तिवारी को निलंबन से मिली राहत, संगठन में शामिल होने की अनुमति



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल ने पार्टी नेता रितेश तिवारी को दलीय अनुशासन भंग के आरोप में दिए गए अस्थायी निलंबन से मुक्त करने की घोषणा की है। पार्टी की ओर से जारी आधिकारिक पत्र में बताया गया है कि यह निर्णय राज्य अनुशासन समिति की सिफारिश और भाजपा पश्चिम बंगाल के राज्य अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समीक भट्टाचार्य के निर्देश पर लिया गया है। पार्टी द्वारा जारी पत्र के अनुसार, पूर्व में अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते तिवारी को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। उनके द्वारा भेजे गए पत्र और अनुशासन समिति की समीक्षा के बाद पार्टी ने उन्हें दोबारा संगठनात्मक गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति दी है। पत्र पर राज्य अनुशासन समिति के प्रमुख प्रताप बनर्जी के हस्ताक्षर हैं। इसमें रितेश तिवारी से अनुरोध किया गया है कि वे पार्टी के संविधान और सिद्धांतों का पालन करते हुए भाजपा की दैनिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़ें।

### एसआईआर को लेकर विवाद आपस में भिड़े तृणमूल भाजपा समर्थक

**हुगली, समाज्ञा :** एसआईआर के फॉर्म वितरण को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर बीएलओ की कार्यशैली चर्चा में है। आरोप है कि हुगली के बालागढ़ के श्रीपुर क्षेत्र में 103 नंबर वार्ड की बीएलओ घर-घर जाकर एसआईआर एन्यूमरेशन फॉर्म देने के बजाय मंदिर में बैठकर फॉर्म बांट रही थीं। जैसे ही यह बात भाजपा मंडल अध्यक्ष के संज्ञान में आई, उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान तृणमूल और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई भी हुई। भाजपा का आरोप है कि उन्हें रोकने के लिए यह सब सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है।

## बंगाल में एसआइआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची तृणमूल कांग्रेस

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को बंगाल में चार नवंबर से निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) शुरू किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। तृणमूल कांग्रेस की तरफ से पार्टी की लोकसभा सदस्य माला राय और राज्यसभा सदस्य डोला सेन ने याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई मंगलवार को होने की संभावना है। यह याचिका मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य के सिलीगुड़ी में आयोग से यह प्रक्रिया तत्काल रोकने की मांग के कुछ ही घंटों बाद दायर की गई। सूत्रों के मुताबिक, याचिका में मुख्य बात यह है कि बंगाल में जिस जल्दबाजी में एसआईआर लागू किया गया है, उससे पुनरीक्षण प्रक्रिया में गलतियों की पूरी गुंजाइश है, जिससे मतदाता सूची से वैध लोगों के नाम हट सकते हैं। याचिका में आग्रह किया गया है कि बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को तब तक रोक दिया जाना चाहिए जब तक इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता।

### एसआईआर के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस भी पहुंची सुप्रीम कोर्ट

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। एसआईआर के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से न्यायमूर्ति सूर्यकांत के समक्ष यह मामला उठाया गया, जो बिहार और तमिलनाडु में एसआईआर मामले की सुनवाई कर रहे हैं। याचिका में पश्चिम बंगाल से जुड़े केस को बिहार-तमिलनाडु एसआईआर मामले के साथ मंगलवार को सूचीबद्ध करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील ने कहा कि बिहार का मामला मंगलवार को सूचीबद्ध है। हम चाहते हैं कि यह मामला बिहार एसआईआर मामले के साथ सूचीबद्ध हो। उन्होंने यह भी दावा किया कि लोग एसआईआर प्रक्रिया में खामियों का हवाला देते हुए पार्टी से संपर्क कर रहे हैं और इसी वजह से पार्टी ने शीर्ष अदालत का रुख किया है। हालांकि, जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह मुख्य न्यायाधीश को तय करना है कि पश्चिम बंगाल का मामला भी हमारे समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा या नहीं।

## एसआईआर कार्य के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए हमले के विरोध में भाजपा ने किया थाना घेराव



**कोलकाता, समाज्ञ :** पश्चिम बंगाल में एसआईआर कार्य शुरू होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले की घटनाएं सामने आई हैं। 6 नवंबर को भाजपा नेता और अधिवक्ता निर्मल शर्मा को सूचना मिली कि बूथ संख्या 233 पर बीएलओ घर-घर जाकर फार्म नहीं बांट रहे हैं, बल्कि गुरुद्वारा में बैठकर तृणमूल नेताओं के निर्देश पर लोगों को चिन्हित कर फार्म बांटे जा रहे हैं। सूचना पाकर वहां पहुंचे निर्मल शर्मा पर तृणमूल नेता अरबिंद दास उर्फ टबलु, जो आईएनटीटीयूसी के जिलाध्यक्ष भी हैं ने हमला किया। इस घटना के विरोध में सोमवार को उत्तर हावड़ा भाजपा द्वारा गोलाबाड़ी थाना का घेराव किया गया और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की गई। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश सचिव उमेश राय, जिला सचिव ओम प्रकाश सिंह, राजा दास मंडल अध्यक्ष वीरू साहनी, राजू यादव और आनंद दुबे मौजूद थे।

## बीएलए नियुक्तियों में तृणमूल ने भाजपा को पछाड़ा, एसआईआर अभियान में बढ़त हासिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान बूथ स्तरीय प्रतिनिधियों (बीएलए) की नियुक्ति में तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को पछाड़ते हुए बढ़त हासिल कर ली है। लंबे समय से इस सूची में शीर्ष पर बनी रही भाजपा अब दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय से सोमवार की दोपहर तक मिली जानकारी के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस ने अब तक कुल 43,069 बीएलए आवेदन जमा किए हैं, जबकि भाजपा के आवेदन 41,405 हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस बीएलए-2 नियुक्तियों में आगे है, लेकिन बीएलए-1 के मामले में भाजपा ने बढ़त बना रखी है। तृणमूल कांग्रेस के 42,906 बीएलए-2 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि भाजपा के 41,067 आवेदन दर्ज किए गए हैं। वहीं, बीएलए-1 श्रेणी में भाजपा के 338 आवेदन हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस के केवल 163 आवेदन मिले हैं। सीईओ कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, सीपीआई (एम) तीसरे स्थान पर है, जिसने कुल 32,221 बीएलए आवेदन दाखिल किए हैं, जिनमें 32,021 बीएलए-2 और 200 बीएलए-1 आवेदन शामिल हैं। कांग्रेस चौथे स्थान पर है, जिसके कुल 9,286 आवेदन आए हैं-इनमें 9,074 बीएलए-2 और 212 बीएलए-1 आवेदन हैं। अब तक सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों की ओर से कुल एक लाख 27 हजार 242 बीएलए आवेदन जमा किए जा चुके हैं, जिनमें एक लाख 26 हजार 186 बीएलए-2 और 1,056 बीएलए-1 आवेदन शामिल हैं।

## राज्य में एक दिसंबर से शराब की कीमतों में होगी बढ़ोत्तरी

❑ **बीयर को छोड़कर सभी श्रेणी की शराब की कीमतों में बढ़ोत्तरी लागू**



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी एक दिसंबर से बीयर को छोड़कर सभी श्रेणी की शराब की कीमतों में बढ़ोत्तरी लागू हो जायेगी। राज्य आबकारी विभाग विभाग के हाल ही में अधिसूचित इस फैसले से बीयर को छोड़कर, भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) और देशी शराब की सभी श्रेणियों की शराब कीमतों में बढ़ोत्तरी हो जायेगी। अधिसूचना के अनुसार, सभी निर्माताओं, वितरकों और थोक व्यापारियों को 30 नवंबर तक मौजूदा स्टॉक को पुरानी दरों पर बेचने का निर्देश दिया गया है। इस अवधि के बाद कोई भी शराब, संशोधन-पूर्व कीमतों पर नहीं बेची जा सकेगी। कोई भी नहीं बिका (अनसोल्ड) स्टॉक स्वतः ही नए कर ढांचे के अंतर्गत आ जाएगा और विक्रेताओं को उपभोक्ताओं के लिए पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए संशोधित मूल्य स्टिकर के साथ बोतलों पर पुनः लेबल लगाने का निर्देश दिया गया है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि परिवर्तित दरें सभी संबंधित हितधारकों को पहले ही भेज दी गई हैं। नई नीति लागू होने से पहले प्रत्येक ब्रांड मालिक और वितरक को आवश्यक पंजीकरण और लेबल संशोधन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। आबकारी अधिकारियों को दिसंबर की शुरुआत में बाज़ार में अस्थायी उतार-चढ़ाव की आशंका है लेकिन कोई बड़ा व्यवधान होने की उम्मीद नहीं है। उनका कहना है कि व्यापारियों को समायोजन के लिए पर्याप्त समय दिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों का मानना है कि संशोधित आबकारी शुल्क से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी लेकिन वास्तविक वृद्धि का आकलन नई दरें लागू होने के कुछ हफ़्तों बाद ही किया जा सकेगा।

## अभिषेक बनर्जी ने सुंदरवन में समलैंगिक विवाह का किया समर्थन, भाजपा पर निशाना साधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को एक स्थानीय सम्मान समारोह के दौरान सुंदरवन निवासी रिया सरदार और राखी नस्कर को उनके समलैंगिक विवाह पर फोन करके बधाई दी। बता दें कि गत चार नवंबर को मंदिरबाजार थाना क्षेत्र की रिया सरदार और कुलतली प्रखंड के बकुलतला की राखी नस्कर ने जलाबेरिया के पलेर चक मंदिर में एक-दूसरे के साथ शादी रचाई थी। दोनों ही महिलाएं पेशेवर नृत्यांगना हैं। यह समारोह, मालाओं, शंखनाद, जयघोष और सैकड़ों ग्रामीणों के आशीर्वाद के साथ, सुंदरवन के एक बेहद रूढ़िवादी इलाके में संपन्न हुआ। इस दिन, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक



बनर्जी के निर्देश पर, कुलतली में तृणमूल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मथुरापुर के सांसद बापी हलदर, स्थानीय विधायक गणेशचंद्र मंडल और अन्य नेताओं ने इस नवविवाहित जोड़े का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के बीच में, अभिषेक बनर्जी ने उपस्थित लोगों से फोन पर बात की और जोड़े को बधाई दी। अभिषेक ने उनके इस फैसले को बंगाल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। तृणमूल सांसद ने कहा कि सुंदरवन की धरती से एक अनोखा इतिहास रचा गया है। उन्होंने आगे कहा कि रिया और राखी ने समाज के पुराने ढर्रे से बाहर निकलकर 'प्यार का असली मतलब' दर्शाया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने साबित कर दिया है कि प्यार कभी सीमाओं में नहीं बंधा रहता। यह किसी भी बंधन को नहीं मानता, न धर्म का, न लिंग का, न जाति का, न समाज का, न नियमों का। तृणमूल नेता ने आगे कहा कि इस सम्मान समारोह को समलैंगिक विवाह पर भाजपा के रुख के खिलाफ एक व्यापक राजनीतिक तर्क के हिस्से के रूप में पेश किया गया। जहां कई भाजपा नेताओं ने समलैंगिक विवाह का सार्वजनिक रूप से विरोध किया है, वहीं अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी 'ऐसी रूढ़िवादिता' को अस्वीकार करती है। उन्होंने आगे कहा कि रिया और राखी का साहस, उनका आपसी सम्मान और प्रतिबद्धता पीढ़ियों तक एक मिसाल बनी रहेगी। उन्होंने समाज को दिखाया है कि प्रेम ही मानवता है और मानवता ही हमारी असली पहचान है। अभिषेक बनर्जी ने कुलतली के ग्रामीणों को भी इस जोड़े के साथ खड़े होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक गांव या एक जिले के लिए गौरव की बात नहीं है। यह बंगाल और पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आगे कहा कि आपने पुरानी सोच का पिंजरा तोड़ दिया है। आपने दिखा दिया है कि सुंदरवन के लोग न केवल प्रकृति की संतान हैं, बल्कि बड़े दिल वाले भी हैं।''

# सभी विद्यालयों में अनिवार्य होगा वंदे मातरम का गायन : आदित्यनाथ

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का अनादर करने का आरोप लगाते हुए राज्य के सभी विद्यालयों में इसका गायन अनिवार्य किए जाने का ऐलान किया है। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद अली जौहर पर वंदे मातरम का विरोध करने का आरोप लगाया और कहा कि इस पार्टी ने यदि वंदे मातरम के माध्यम से भारत की राष्ट्रीयता का सम्मान किया होता तो देश का विभाजन नहीं होता। गोरखपुर में सोमवार को 'एकता यात्रा' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के हर विद्यालय और हर शिक्षण संस्थान में हम इसका गायन अनिवार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उत्तर प्रदेश के हर नागरिक के मन में भारत माता के प्रति अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत हो सकेगा। आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, कुछ लोगों के लिए आज भी भारत की एकता और अखंडता से बढ़कर उनका मत और मजहब हो जाता है। उनकी व्यक्तिगत निष्ठा महत्वपूर्ण हो जाती है। वंदे मातरम के विरोध का कोई औचित्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा, वंदे मातरम के खिलाफ विषवमन हो रहा है। जिस कांग्रेस के अधिवेशन में 1896-97 में स्वयं गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने पूरे वंदे मातरम का गायन किया था और 1896 से लेकर 1922 तक कांग्रेस के हर अधिवेशन



में वंदे मातरम का गायन होता था लेकिन 1923 में जब मोहम्मद अली जौहर कांग्रेस के अध्यक्ष बने तो वंदे मातरम का गायन शुरू होते ही वह उठकर चले गए। उन्होंने वंदे मातरम गाने से इनकार कर दिया। वंदे मातरम का इस प्रकार का विरोध भारत के विभाजन का दुर्भाग्यपूर्ण कारण बना था। आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने अगर उस समय मोहम्मद अली जौहर को अध्यक्ष पद से बेदखल करके वंदे मातरम के माध्यम से भारत की राष्ट्रीयता का सम्मान किया होता तो भारत का विभाजन नहीं होता।

## यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत में कोई नया जिन्ना फिर न उभरे: आदित्यनाथ

**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ऑल इंडिया मुस्लिम लीग के नेताओं मोहम्मद अली जिन्ना और मोहम्मद अली जौहर का हवाला देते हुए कहा कि जो लोग राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का विरोध करते हैं, वे भारत की एकता और अखंडता का अपमान कर रहे हैं। आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 'एकता यात्रा' और सामूहिक ''वंदे मातरम' गायन में भाग लेने के दौरान कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि आज भी भारत में रहने वाला हर व्यक्ति राष्ट्र के प्रति वफादार रहेगा और इसकी एकता के लिए काम करेगा।' उन्होंने कहा, 'हमारा कर्तव्य है कि हम उन सभी तत्वों की पहचान करें और उनका विरोध करें जो समाज को विभाजित करते हैं, चाहे वह जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर क्यों न हो। ये विभाजन नए जिन्ना बनाने की साजिश का हिस्सा हैं।' आदित्यनाथ ने लोगों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भारत में फिर कभी कोई नया जिन्ना न उभरे और अगर कोई देश की अखंडता को चुनौती देने की हिम्मत करता है तो ''हमें ऐसी विभाजनकारी मंशा को सिर उठाने से पहले ही उसे दबा देना चाहिए।'

## महिला रोजगार योजना के 10 हजार रुपये लौटाने नहीं है : जल संसाधन मंत्री

**पटना:** जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दी जाने वाली 10 हजार रुपये की सहायता राशि किसी भी सूरत में लौटानी नहीं है। जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री सहायता योजना को लेकर विपक्ष लगातार भ्रम फैला रहा है और गलत जानकारी दे रहा है कि इस राशि को वापस करना होगा। उनका कहना था, यह पूरी तरह गलत है। मुख्यमंत्री सहायता योजना महिलाओं को सशक्त बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई है, और इसकी राशि वापस नहीं करनी है। मंत्री ने दावा किया कि महिलाओं के कल्याण के लिए यह अब तक की सबसे सफल योजना साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घोषणा की है कि योजना के तहत बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के दो ऐसे नेता पिछले छह महीनों से बिहार में घूम-घूमकर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं, जिनमें से एक प्रधानमंत्री पद के दावेदार और दूसरे मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### रांची में ट्रक ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी, दो की मौत, पांच घायल

**रांची:** रांची में एक ट्रक ने ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी, जिसके चलते ऑटोरिक्शा में सवार दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान भरनो निवासी विजय लोहरा (25) और बेड़ो निवासी रतिया उरांव (36) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात धुर्वा पुलिस थाना क्षेत्र में आने वाले रिंग रोड पर तंगतंग टोला के पास हुई। धुर्वा पुलिस थाना प्रभारी बिमल किंडो ने कहा, दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जब वे सभी ऑटोरिक्शा में यात्रा कर रहे थे तभी एक ट्रेलर ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी।


### राजस्थान में कई जगह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

**जयपुर:** राजस्थान के कई इलाकों में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है जहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, सोमवार सुबह तक बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा। इस दौरान न्यूनतम तापमान फतेहपुर (सीकर) में 6.8 डिग्री और नागौर में 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा न्यूनतम तापमान लूणकरणसर और दौसा में 8.7 डिग्री, अलवर में 9.0 डिग्री, सिरोही में 9.1 डिग्री, चूरू में 9.6 डिग्री व पिलानी में 9.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बीते चौबीस घंटे में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 33.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया जरूरतमंदों को आवास और चिकित्सा सहायता देने का वादा

**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां अपने 'जनता दर्शन' के दौरान लगभग 200 फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समयबद्ध और पारदर्शी समाधान का आश्वासन दिया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने गरीबों के लिए आवास, बेटियों की शादी के लिए वित्तीय सहायता और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकारी सहायता का वादा किया। उन्होंने अधिकारियों को जन शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये और इस बात पर जोर दिया कि किसी को भी धन की कमी के कारण परेशानी नहीं होनी चाहिए। एक बुजुर्ग महिला ने अपना घर नहीं होने को लेकर मुख्यमंत्री से मदद मांगी तो उन्होंने उसे सरकारी योजना के तहत घर दिलाने का आश्वासन दिया।

## बिहार में मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



**पटना/सारण:** बिहार की राजधानी पटना से सटे सारण जिले में रविवार रात को एक मकान की छत गिरने से तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अकिलपुर थाना क्षेत्र के मानस नया पानापुर 42 पट्टी गांव में यह हादसा हुआ। घटना रविवार रात करीब नौ बजकर 45 मिनट पर हुई। हादसे के समय पूरा परिवार घर के अंदर सो रहा था। सारण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''छत ढह जाने की घटना में तीन बच्चों समेत परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और मलबे से शवों को निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।'' उन्होंने बताया कि घटना में मोहम्मद बबलू खान (32), उनकी पत्नी रौशन खातून (30), पुत्र मोहम्मद चांद (10), पुत्री रूकशार (12) और छोटी बेटी चांदनी (दो) की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, छत गिरने की जोरदार आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिना देरी किए मलबा हटाने का काम शुरू किया। लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद अकिलपुर थाना की टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## बिहार पर 'बाहरी' नियंत्रण की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता ऐसा नहीं होने देगी: तेजस्वी

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 'प्रभाव में काम कर रहा है' और अब तक पहले चरण के मतदान में पुरुष एवं महिला मतदाताओं की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा, 'पहले चरण के मतदान के बाद निर्वाचन आयोग तुरंत आंकड़े जारी करता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया। आयोग ने काम करना बंद कर दिया है और



मोदी-शाह के नियंत्रण में आ गया है।' तेजस्वी ने दावा किया, ''बिहार में चुनावी ड्यूटी के लिए कुल 208 कंपनियां उन राज्यों से भेजी गई हैं, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकारें हैं।' उन्होंने कहा,'राज्य में 68 प्रतिशत पुलिस पर्यवेक्षक भी भाजपा शासित राज्यों से आए हैं।' राजद नेता ने कहा, 'बिहार को 'बाहरी' लोगों द्वारा नियंत्रित करने की साजिश चल रही है, लेकिन बिहार की जनता इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी। अमित शाह और अन्य लोग बिहार पर नियंत्रण चाहते हैं, लेकिन यह संभव नहीं होगा।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए तेजस्वी ने कहा, 'प्रधानमंत्री बिहार आए, लेकिन उन्होंने सकारात्मक मुद्दों पर बात नहीं की। उन्होंने न तो बेरोजगारी पर बात की, न ही पलायन, महंगाई या भ्रष्टाचार पर।' तेजस्वी ने व्यंग्य करते हुए कहा, 'मुझे नहीं पता कि प्रधानमंत्री इन दिनों कैसी वेब सीरीज देख रहे हैं।

## सक्रिय पुलिसिंग, जनता से जुड़ाव और चुनाव आयोग की पहल से ऐतिहासिक मतदान संभव: डीजीपी

**पटना:** बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड तोड़ मतदान सक्रिय पुलिसिंग, जनता से बेहतर संवाद और चुनाव आयोग की पहल के कारण संभव हो पाया। डीजीपी ने बताया कि संभावित असामाजिक तत्वों की पहले से पहचान, उनके क्षेत्रों की निगरानी, बलों की पर्याप्त तैनाती और त्वरित कार्रवाई ने न केवल पुलिस और जनता के बीच भरोसा बढ़ाया, बल्कि मतदाताओं में भी आत्मविश्वास जगाया। बिहार ने विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में 65 प्रतिशत से अधिक की 'अब तक की सर्वाधिक' वोटिंग दर्ज की थी। 'पीटीआई भाषा' से बातचीत में डीजीपी कुमार ने कहा, सक्रिय पुलिसिंग, पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध, राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य और चुनाव आयोग की पहल ही इस ऐतिहासिक मतदान के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि छह नवंबर को पहले चरण के मतदान के दौरान कहीं भी हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। डीजीपी ने कहा अब हम दूसरे चरण के मतदान के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मंगलवार को होने वाले मतदान के लिए 122 विधानसभा क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके।

## न्यूज अपडेट

### राष्ट्र की सुरक्षा हर नागरिक की आदत बने: सैन्य कमांडर सिंह



**जयपुर:** सप्त शक्ति कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने सोमवार को कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा हर नागरिक की आदत बननी चाहिए। वह यहां जयपुर सैन्य स्टेशन में संगोष्ठी 'व्होल ऑफ नेशन एप्रोच (डब्ल्यूओएनए) टू काउंटर फ्यूचर कन्फ्लिक्ट्स' को संबोधित कर रहे थे। आधिकारिक बयान के अनुसार, सैन्य कमांडर ने कहा कि आज के दौर में 'राष्ट्र की सुरक्षा हर नागरिक की आदत और आत्मा बननी चाहिए।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार के मार्गदर्शन को रेखांकित करते हुए उन्होंने 'व्यक्ति केंद्रित से राष्ट्र केंद्रित सोच' अपनाने का आह्वान किया। यह दो दिवसीय संगोष्ठी सप्त शक्ति कमान के तत्वावधान में तथा 'सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज', दिल्ली के सहयोग से आयोजित की गई है। बयान के अनुसार, अपने संबोधन में सैन्य कमांडर सिंह ने कहा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण अत्यधिक अस्थिर है, जहां अनिश्चितता और बदलते शक्ति समीकरण नई चुनौतियां पैदा कर रहे हैं। उन्होंने रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास संघर्षों का उदाहरण देते हुए बताया कि आज के युद्ध केवल सैन्य मोर्चों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आर्थिक क्षमता, असैन्य अवसंरचना, सूचना तथा साइबर क्षेत्र भी समान रूप से लक्ष्य बनाए जाते हैं। सिंह ने कहा कि इसी कारण साइबर, अंतरिक्ष, ड्रोन और 'इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर' जैसे बहु क्षेत्रीय युद्ध के लिए राष्ट्र के संबंधित सभी तत्वों में तकनीक आधारित, निर्बाध समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

### व्यक्ति के पास से 78 लाख रुपये की हेरोइन मिली, गिरफ्तार



**सोनभद्र:** स्वापक रोधी कार्यबल के साथ एक संयुक्त अभियान के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से लगभग 78 लाख रुपये मूल्य की 390 ग्राम हेरोइन सोमवार को बरामद की जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति के अनपरा से वाराणसी की ओर हेरोइन की खेप ले जाने की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम ने नाकाबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान अनपरा थाना अंतर्गत डिबुलगंज निवासी सौरभ कुमार सोनी (24) के रूप में हुई है। कुमार के मुताबिक, तलाशी के दौरान, पुलिस ने उसके कब्जे से 390 ग्राम हेरोइन, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया।

### झारखंड उपचुनाव: झामुमो ने मांगा श्रद्धांजलि वोट, भाजपा ने सबक सिखाने की कसम खाई

**रांची:** झारखंड में घाटशिला विधानसभा उपचुनाव से एक दिन पहले सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत पर विश्वास जताया है। झामुमो विधायक रामदास सोरेन का 15 अगस्त को निधन हो जाने के बाद यह उपचुनाव आवश्यक हो गया था। सत्तारूढ़ झामुमो ने उनके बेटे सोमेश चंद्र सोरेन को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। झामुमो महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमें अपने उम्मीदवार की जीत का पूरा भरोसा है। लोग विभिन्न कारणों से झामुमो उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे। उन्होंने चुनाव के माध्यम से दिशोम गुरु शिबू सोरेन और अपने लोकप्रिय नेता रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि देने का फैसला किया है।

### जमशेदपुर में तीन लोगों ने निजी कंपनी से 10 लाख रुपये लूटे

**जमशेदपुर:** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना क्षेत्र में हथियारबंद तीन बदमाशों ने सोमवार दोपहर एक ठेकेदार की फर्म से कथित तौर पर करीब 10 लाख रुपये लूट लिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (सिटी) सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि हेलमेट पहने तीनों बदमाश सावित्री कॉम्प्लेक्स स्थित पीके कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यालय में घुसे और बंदूक के बल पर नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना के समय मजदूरों के भुगतान के लिए राशि की गिनती की जा रही थी। चौधरी के नेतृत्व में एक पुलिस दल घटनास्थल पर गया और जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त (डीएसपी) ने कहा, 'हम मोटरसाइकिल पर फरार हुए अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

---

# समीक्षा धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

**12.11.2025 : भैरव अष्टमी व्रत**

**14.11.2025 : बाल दिवस**

**15.11.2025 : उत्पन्ना एकादशी व्रत**

**17.11.2025 : प्रदोष व्रत**

## कब है कालभैरव जयंती? जानें सही तिथि, मुहूर्त और पूजा-विधि

भैरव अष्टमी, जिसे भैरव जयंती, काल भैरव अष्टमी या काल भैरव जयंती के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र पर्व है। इस दिन भगवान शिव के उग्र स्वरूप भैरव का जन्मोत्सव मनाया जाता है। भैरव अष्टमी हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को पड़ती है। यह तिथि सामान्यतः नवंबर, दिसंबर या जनवरी के महीनों में आती है। इस दिन भगवान भैरव की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, जिन्हें दंडपाणि भी कहा गया है। भगवान भैरव का वाहन कुत्ता होता है, इसलिए उन्हें कुत्ते की सवारी करने वाले देवता के रूप में भी जाना जाता है।

### काल भैरव जयंती 2025 की तिथि

दिन: बुधवार, 12 नवंबर 2025

अष्टमी तिथि प्रारंभ: 11 नवंबर 2025, रात 11:08 बजे


अष्टमी तिथि समाप्त: 12 नवंबर 2025, रात 10:58 बजे

### कौन हैं भगवान काल भैरव?

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भैरव भगवान शिव के क्रोध का अवतार हैं। एक कथा के मुताबिक जब त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महादेव, में श्रेष्ठता को लेकर वाद-विवाद हुआ, तब ब्रह्मा द्वारा कही गई एक कटु बात से शिव क्रोधित हो गए। अपने क्रोध से उन्होंने भैरव को उत्पन्न किया और आदेश दिया कि ब्रह्मा के पांच सिरों में से एक को काट दें। भैरव ने आज्ञा का पालन किया, जिसके बाद ब्रह्मा के केवल चार सिर रह गए। इस घटना के बाद सभी देवता भयभीत हो उठे और उन्होंने भगवान शिव और भैरव से क्षमा याचना की।

### पौराणिक कथा

एक अन्य कथा के अनुसार, जब ब्रह्मा ने शिव



का अपमान किया, तो शिव के मस्तक से काल भैरव प्रकट हुए और उन्होंने ब्रह्मा का एक सिर काट दिया। इस कारण भैरव पर ब्रह्महत्या का दोष लग गया। इस पाप से मुक्ति पाने के लिए उन्हें कपाली व्रत धारण करना पड़ा और वे भिक्षुक के रूप में नग्न अवस्था में पृथ्वी पर घूमने लगे। अंततः जब वे काशी (वाराणसी) पहुंचे, तब उनका पाप समाप्त हुआ। आज भी वाराणसी में काल भैरव का प्राचीन मंदिर स्थित है।

### पूजा का महत्व

भैरव अष्टमी के दिन भगवान काल भैरव की पूजा करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति, मन की शांति, और साहस प्राप्त होता है। ऐसा माना जाता है कि उनकी कृपा से जीवन में धन, स्वास्थ्य और समृद्धि आती है।

### काल भैरव मंत्र

।। ॐ भैरवाय नमः ।।

## सूर्य को अर्घ्य देने के बाद जरूर करें ये काम, तभी मिलते हैं इसके पूर्ण फल

हिंदू धर्म में सूर्य को जल अर्पित करने का बड़ा महत्व बताया गया है। सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। सूर्य देव केवल प्रकाश का स्रोत नहीं हैं, बल्कि वह जीवन में आत्मविश्वास, ऊर्जा और उत्तम स्वास्थ्य का वरदान भी देते हैं। कई लोग नियमित रूप से सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को यह ज्ञात नहीं होता कि अर्घ्य देने के बाद क्या करना चाहिए या इसका सही तरीका क्या है।

शास्त्रों में सूर्य देव को जल चढ़ाने के सही नियमों के बारे में बताया गया है। यदि कोई व्यक्ति अर्घ्य देने के बाद केवल एक छोटा सा कार्य प्रतिदिन कर ले, तो सूर्य देव की कृपा उस पर बनी रहती है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

### सूर्य को अर्घ्य देने के नियम

शास्त्रों के अनुसार सूर्य को अर्घ्य देने के बाद तुरंत पीछे मुड़ना या सीधे घर के अंदर जाना शास्त्रों में उचित नहीं माना गया है। कुछ क्षण सूर्य की दिशा में खड़े होकर प्रणाम करें, आशीर्वाद प्राप्त करें। ऐसा करने से पूरे दिन में सफलता, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

### सूर्य को अर्घ्य देने के बाद क्या करें?

जब उगते सूर्य को जल अर्पित करते हैं, तो वह जल धरती पर गिरता है और उसकी प्रत्येक बूंद सूर्य की किरणों के संपर्क में आकर ऊर्जा का स्वरूप धारण कर लेती है। शास्त्रों के अनुसार अर्घ्य के बाद उस जल को व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। सबसे पहले उस जल को हल्के से अपने हाथों से स्पर्श करें और थोड़ी मात्रा में अपने माथे, छाती या बाहों पर लगाएं। ऐसा करने से सूर्य की ऊर्जा आपके शरीर में समा जाती है और दिनभर स्फूर्ति बनी रहती है।

### क्यों जरूरी है यह छोटा-सा कदम?

सूर्य देव शक्ति, ऊर्जा और आत्मविश्वास के प्रतीक हैं। जब आप अर्घ्य देते हैं, तो उस ऊर्जा से सीधा जुड़ाव होता है। यदि अर्घ्य देने के बाद तुरंत वहां से चले जाएं, तो उस क्षण की ऊर्जा अधूरी रह जाती है। जब आप उस पवित्र जल को अपने शरीर पर लगाते हैं, तो यह सूर्य की ऊर्जा को आत्मसात करने जैसा कार्य होता है। ऐसा करने से शरीर में तेज बढ़ता है, चेहरे पर प्राकृतिक चमक आती है और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

यह प्रक्रिया कमजोर सूर्य की स्थिति को भी संतुलित करती है। जिन लोगों के जीवन में आत्मविश्वास की कमी या अवसाद का भाव रहता है, उन्हें नियमित रूप से यह विधि अपनानी चाहिए। इससे धीरे-धीरे मानसिक और आत्मिक ऊर्जा में सुधार होता है।

## शिवालयों में नंदी के कान में क्यों फुसफसाते हैं लोग, क्या है इसके पीछे की धार्मिक मान्यताएं?

भारत के लगभग हर शिव मंदिर में शिवलिंग के सामने नंदी महाराज की मूर्ति अवश्य स्थापित होती है। भक्तगण पूजा-अर्चना के बाद अक्सर नंदी की मूर्ति के कान के पास जाकर कुछ फुसफुसाते हैं या अपनी इच्छाएं व्यक्त करते हैं। यह परंपरा केवल एक रस्म नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी धार्मिक और पौराणिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं।

नंदी को भगवान शिव का सबसे प्रिय गण प्रमुख द्वारपाल और उनका वाहन माना जाता है। हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि नंदी भगवान शिव के इतने करीब हैं कि वे ही भक्तों के संदेशों और प्रार्थनाओं को सीधे महादेव तक पहुंचाने का माध्यम हैं। जब भगवान शिव गहन तपस्या या समाधि में लीन होते हैं, तब नंदी ही वह एकमात्र हस्ती होते हैं जो उनके और भक्तों के बीच सेतु का काम करते हैं। भक्तों का अटूट विश्वास है कि नंदी के कान में कही गई कोई भी बात सीधे शिव तक पहुंचती है और उनकी वह इच्छा अवश्य पूरी होती है।

### शिव और नंदी के बीच का संवाद

पौराणिक कथाओं के अनुसार, नंदी को धर्म और निष्ठा का प्रतीक माना जाता है। उन्हें भगवान शिव ने यह वरदान दिया था कि जो भी भक्त अपनी इच्छा नंदी के कान में कहेगा, वह प्रार्थना शिव तक अवश्य पहुंचेगी, क्योंकि नंदी हमेशा महादेव के ध्यान में लीन रहते हैं। इसलिए



भक्त नंदी के कान में अपने दुख, समस्याएं या मनोकामनाएं बताते हैं।

### इच्छा पूरी होने का अटूट विश्वास

भक्तों का विश्वास है कि नंदी शिव के सबसे निकटस्थ शिष्य और श्रेष्ठ भक्त हैं। चूंकि शिव हमेशा ध्यान में रहते हैं, नंदी उनकी तपस्या को भंग किए बिना भक्तों का प्रतिनिधित्व करते हैं। भक्त मानते हैं कि नंदी के कान में फुसफुसाने से उनकी इच्छाओं को एक 'उच्च माध्यम' मिल जाता है, जिससे उनकी प्रार्थनाएं अधिक गंभीरता से ली जाती हैं और जल्दी पूरी होती हैं।

### मनोवैज्ञानिक महत्व

इस परंपरा का एक मनोवैज्ञानिक पहलू भी है। किसी भी समस्या या इच्छा को नंदी के कान में फुसफुसाने से भक्त को एक प्रकार की आंतरिक शांति और संतुष्टि मिलती है। ऐसा करने से भक्त का मन हल्का हो जाता है। यह क्रिया व्यक्ति के मन को यह विश्वास दिलाती है कि उसने अपनी बात सर्वोच्च शक्ति तक पहुंचा दी है, जिससे तनाव कम होता है।

### दाएं या बाएं किस कान में अपनी बात फुसफुसाना चाहिए?

नंदी के कान में अपनी इच्छा बताते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। मान्यता है कि इच्छा हमेशा बाएं कान में बतानी चाहिए। अपनी इच्छा को जोर से नहीं, बल्कि शांति और संयम के साथ फुसफुसाना चाहिए। अपनी प्रार्थना बताने के बाद नंदी को धन्यवाद देना भी इस परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। माना जाता है ऐसा करने से आपकी मनोकामनाएं जल्द ही पूरी होती हैं।

# लाल किले के पास विस्फोट: धमाके से थर्राई दिल्ली



**नयी दिल्ली :** लाल किला के पास सोमवार शाम हुए धमाके की गूंज से दिल्ली सहम गई। इतनी तेज आवाज सुनाई दी कि चार किलोमीटर दूर तक लोग दहशत में आ गए। कई इलाकों में लोगों ने इसे भूकंप या गैस विस्फोट समझकर घरों और दुकानों से बाहर निकलना शुरू कर दिया। हादसे के बाद न सिर्फ पुरानी दिल्ली बल्कि कनॉट प्लेस, दरियागंज, आईटीओ, सिविल लाइंस और जामा मस्जिद इलाकों में भी दहशत का माहौल बन गया।धमाके के कुछ ही मिनटों में आसपास के इलाकों की बिजली कुछ देर के लिए गुल हो गई। दुकानों के शटर गिरने लगे, और शाम की खरीददारी के बीच लोगों ने अफरा-तफरी में बाजार छोड़ना शुरू कर दिया। कनॉट प्लेस, चांदनी चौक और दरियागंज के कई बाजारों को एहतियातन बंद करवा दिया गया। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से लाल किले से लेकर राजघाट और दरियागंज तक यातायात रोक दिया।

**कई जगह टूटे शीशे, मेट्रो सेवाएं रोकी गईं...**

विस्फोट की तीव्रता से आसपास की कई दुकानों और घरों के शीशे चटक गए। लाल मंदिर और मेट्रो स्टेशन पर लगे कांच के दरवाजे टूट गए। सुरक्षा एजेंसियों ने स्थिति का आकलन करने के लिए लाल किला, दिल्ली गेट, आईटीओ और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर सेवाएं कुछ देर रोक दीं। शाम सात बजे से करीब बीस मिनट तक येलो और वायलेट लाइन पर ट्रेनें धीमी गति से चलीं।

**लोगों में दहशत, मोबाइल नेटवर्क ठप...**

## चार किलोमीटर तक सुनाई दी आवाज


### लाल किले के पास धमाके के बाद आज चांदनी चौक बाजार बंद रहेगा

लाल किले के निकट हुए शक्तिशाली धमाके के बाद चांदनी चौक बाजार मंगलवार को बंद रहेगा। बाजार संघ ने यह जानकारी दी। इस धमाके में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए हैं। चांदनी चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय भार्गव ने कहा, चांदनी चौक में दुकानें मंगलवार को बंद रहेंगी, क्योंकि धमाके के बाद व्यापारियों में भय व्याप्त है।

### सीआईएसएफ के सुरक्षा घेरे वाले दिल्ली-एनसीआर के सभी प्रतिष्ठान 'हाई अलर्ट' पर

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने लाल किले के पास एक चलती कार में हुए विस्फोट के बाद अपने सुरक्षा घेरे में आने वाले दिल्ली-एनसीआर के सभी प्रतिष्ठानों को हाई अलर्ट पर रखा है। सीआईएसएफ ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। सीआईएसएफ ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा, ''लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक वाहन में हुए विस्फोट के मद्देनजर, दिल्ली मेट्रो, लाल किला, सरकारी इमारतों और आईजीआई हवाई अड्डे सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सीआईएसएफ द्वारा सुरक्षित प्रतिष्ठानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। स्थिति पर लगातार नज़र रखी जा रही है और कर्मियों को तैयार रखा गया है।''

धमाके के बाद इलाके में मोबाइल नेटवर्क पर अचानक लोड बढ़ गया। लोग अपने घरवालों को फोन करने लगे, जिससे कुछ समय तक कॉल कनेक्ट नहीं हो पा रहे थे। पुलिस को एक घंटे में 200 से अधिक कॉल्स मिलीं, जिनमें ज्यादातर लोग अपने क्षेत्र में आवाज सुनाई देने और झटके महसूस होने की सूचना दे रहे थे।



## प्रत्यक्षदर्शियों ने लाल किले के नजदीक विस्फोट के बाद भयावह मंजर को किया बयां

**कार से लटके, फुटपाथ पर बिखरे दिखे शव**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लाल किले के नजदीक सोमवार शाम को हुए धमाके के बाद घटनास्थल के भयावह मंजर को बयां करते हुए एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आसमान में आग की लपटें उठ रही थी, चारों तरफ क्षतिग्रस्त वाहन और क्षत-विक्षत शव बिखरे पड़े थे। अमित मुदगल (36) ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, '' जब मैं खड़ा होकर किसी से बात कर रहा था तो किसी के शरीर का एक हिस्सा... ठीक मेरे पीछे आकर गिर गया। यह किसी व्यक्ति का एक हाथ था, जिस पर अब भी शर्ट थी।'' विस्फोट के बाद के भयावह क्षणों को याद करते हुए उन्होंने कहा, ''एक जोरदार विस्फोट हुआ और कुछ ही सेकंड में धुएं का गुबार उठा।'' उन्होंने कहा, '' सभी चीख रहे थे और अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे।'' घायल हुए एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोट पास में खड़ी एक कार से हुआ। उसने कहा, ''मैं एक ऑटो रिक्शा चालक हूं। मेरे ऑटो के सामने एक कार थी, शायद मारुति स्विफ्ट। मुझे नहीं पता कि यह कैसे हुआ, लेकिन उस कार में अचानक कुछ धमाका हुआ।'' अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में विस्फोट हो जाने के बाद कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई तथा 24 अन्य लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कई वाहन नष्ट हो गए तथा दुकानों और यहां तक कि पास के मेट्रो स्टेशन के शीशे भी टूट गए।

## बीते 25 साल में 15 से अधिक धमाकों से दहली दिल्ली

### 50 से अधिक मौतें, 400 से अधिक लोग हुए घायल

**नई दिल्ली :** देश की राजधानी दिल्ली में 13 साल बाद फिर धमाका हुआ है। ये दूसरा मौका है, जब लाल किले के पास कोई धमाका हुआ है। इससे पहले साल 2012 में 13 फरवरी को धमाका हुआ था, धमाके की जगह औरंगजेब रोड थी। वहीं अगर बीते 25 साल के इतिहास की बात करें तो साल 2000 से लेकर अब तक दिल्ली में 15 से ज्यादा धमाके हुए हैं।

**दिल्ली में साल दर साल धमाकों का इतिहास**

राजधानी में धमाकों का सिलसिले की बात करें, तो साल 2000 में चार जगहों पर धमाके हुए इसमें 6 जनवरी को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, 27 फरवरी को पहाड़गंज, 16 मार्च को सदर बाजार और 18 जून को लाल किले के पास धमाका हुआ है।

**साल 2001**

वहीं इसके अगले साल 2001 में भी चार धमाके हुए थे, जिसमें 9 मई को और डलहौजी रोड पर आर्मी मुख्यालय, 20 मई को सीजीओ कॉम्पलेक्स, 11 अगस्त को साउथ एक्सटेंशन और 13 दिसंबर को सबसे बड़ा धमाका संसद के पास हुआ था।

**साल 2005**

साल 2001 के बाद साल 2005 में भी एक बार दिल्ली धमाके से दहली थी। इस बार लिबर्टी-सत्यम सिनेमा के पास 22 मई को धमाका हुआ था।

**साल 2006**

वहीं इसके अगले साल 2006 में पुरानी दिल्ली में जामा मस्जिद के पास धमाका हुआ। ये धमाका 14 अप्रैल को हुआ था।

**साल 2008**

साल 2006 के बाद दिल्ली साल 2008 में एक बार फिर धमाके का शिकार हुई, इस साल दो धमाके हुए। इसमें पहला धमाका 13 सितंबर को करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश इलाके में हुए थे। वहीं दूसरा धमाका महरौली में फ्लावर मार्केट में 27 सितंबर को हुआ।

**साल 2010**

फिर साल 2010 में एक बार दिल्ली में धमाका हुआ, इस बार भी जामा मस्जिद के इलाके को निशाना बनाया गया। ये धमाका 19 सितंबर को हुआ था।

**साल 2011**

2010 के बाद अगले साल 2011 में दिल्ली में दो बड़े धमाके हुए, इस बार 25 मई और 7 सितंबर को दिल्ली हाई कोर्ट के इलाके में धमाके हुए थे।

**साल 2012**

सोमवार 10 नवंबर को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके से पहले दिल्ली में आखिरी धमाका साल 2012 में हुआ था। तब 13 फरवरी को नई दिल्ली में औरंगजेब रोड पर धमाका हुआ था।

| क्रम | तारीख | दिल्ली में कहां हुआ धमाका? |
|---|---|---|
| 1 | 6 जनवरी 2000 | पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन |
| 2 | 27 फरवरी 2000 | पहाड़गंज |
| 3 | 16 मार्च 2000 | सदर बाजार |
| 4 | 18 जून 2000 | लाल किला |
| 5 | 9 मई 2001 | आर्मी मुख्यालय/डलहौजी रोड |
| 6 | 20 मई 2001 | सीजीओ कॉम्प्लेक्स |
| 7 | 11 अगस्त 2001 | साउथ एक्सटेंशन |
| 8 | 13 दिसंबर 2001 | संसद |
| 9 | 22 मई 2005 | लिबर्टी/सत्यम सिनेमा |
| 10 | 14 अप्रैल 2006 | जामा मस्जिद, पुरानी दिल्ली |
| 11 | 13 सितंबर 2008 | करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश |
| 12 | 27 सितंबर 2008 | फ्लावर मार्केट, महरौली |
| 13 | 19 सितंबर 2010 | जामा मस्जिद |
| 14 | 25 मई 2011 | दिल्ली हाई कोर्ट |
| 15 | 7 सितंबर 2011 | हाई कोर्ट, दिल्ली |
| 16 | 13 फरवरी 2012 | औरंगजेब रोड, नई दिल्ली |
| 17 | 10 नवंबर 2025 | लाल किला मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-1 के पास |

## रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ के रूप में काम कर रहे हैं सभी 16 डीपीएसयू: राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत ने 2024-25 में 1.51 लाख करोड़ रुपये मूल्य का रक्षा उत्पादन किया है और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान इसकी कुल राशि में 71.6 प्रतिशत रहा।सिंह ने यह टिप्पणी यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में 16 डीपीएसयू के प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा करते हुए की। उन्होंने कहा, ''हमारे सभी 16 डीपीएसयू देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ के रूप में काम कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन हमारे स्वदेशी प्लेटफार्म की विश्वसनीयता और क्षमता का प्रमाण है।''सिंह ने दक्षिण दिल्ली के नौरोजी नगर स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में नये रक्षा उद्यम (डीपीएसयू) भवन का



उद्घाटन भी किया।रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा विनिर्माण परिवेशी तंत्र को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में डीपीएसयू के निरंतर योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में, भारत ने 1.51 लाख करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन हासिल किया, जिसमें रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान कुल उत्पादन का 71.6 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो भारत की स्वदेशी प्रणालियों में वैश्विक विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि 'मेड इन इंडिया' रक्षा उत्पाद वैश्विक सम्मान प्राप्त कर रहे हैं।सिंह ने इस गति को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) से महत्व-पूर्ण प्रौद्योगिकियों के त्वरित स्वदे-शीकरण, समग्र अनुसंधान एवं विकास, उत्पाद गुणवत्ता, समय पर आपूर्ति और निर्यात बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने डीपीएसयू को निर्देश दिया कि वे स्वदेशीकरण और अनुसंधान एवं विकास के स्पष्ट रोडमैप तैयार करें, जिनमें मापनीय प्रगति हों, जिन्हें अगली समीक्षा बैठक में प्रस्तुत किया जाना है। उन्होंने कहा, सरकार की ओर से, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि जहां भी विशेष हस्तक्षेप या सहायता की आवश्यकता होगी, उसे तुरंत प्रदान किया जाएगा।''







## निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता के 'उल्लंघन' के लिए मिजोरम के मुख्यमंत्री को फटकार लगायी

**आइजोल :** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा को डम्पा विधानसभा उपचुनाव में अपनी पार्टी के लिए वोट मांगते समय आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के ''उल्लंघन'' के लिए फटकार लगाई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के विश्लेषण और सत्तारूढ़ जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) पार्टी के अध्यक्ष लल्लियानसावता के स्पष्टीकरण को देखने के बाद चुनाव आयोग ने उनके जवाब को ''अस्वीकार्य'' पाया। मिजोरम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को शनिवार को भेजे पत्र




में निर्वाचन आयोग ने कहा, ''ला-लदुहोमा द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान की निंदा की जाती है।''निर्वाचन आयोग ने कहा, ''जेडपीएम पार्टी के अध्यक्ष को निर्देश दिया जाता है कि वह पार्टी के सभी स्टार प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के लिए जागरूक करें।'' एक अधिकारी ने बताया कि इसमें यह भी चेतावनी दी गई है कि जेडपीएम के स्टार प्रचारकों को ऐसा कोई बयान नहीं देना चाहिए या ऐसा बयान देते हुए नहीं दिखना चाहिए, जिससे चुनाव के समान अवसर बाधित हों या ऐसा प्रतीत हो कि चुनाव प्रक्रिया की अखंडता के बारे में मतदाताओं के मन में संदेह पैदा हो।चुनाव आयोग ने कहा, ''स्टार प्रचारकों को भविष्य में भी सार्वजनिक बयान देते समय सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि आदर्श आचार संहिता की भावना के अनुसार मंत्रियों सहित लोक सेवकों को चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता सुनिश्चित करनी होती है।''

### गुजरात के डीजीपी ने सभी पुलिस इकाइयों को गश्ती बढ़ाने को कहा

**अहमदाबाद :** दिल्ली में सोमवार शाम एक कार में हुए विस्फोट के मद्देनजर एहतियात के तौर पर गुजरात में सभी पुलिस इकाइयों को सतर्क रहने और गश्ती बढ़ाने को कहा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गुजरात के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दिल्ली में विस्फोट की घटना के मद्देनजर एहतियाती उपाय के तौर पर सभी पुलिस इकाइयों को सतर्क रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा, ''हर पुलिस इकाई को सतर्क रहने और अपने-अपने क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।'' अधिकारियों ने बताया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के निर्देश के बाद, गुजरात के सभी प्रमुख शहरों और जिलों में पुलिस सतर्कता बरत रही है।

## ट्रेन में गोलीबारी करने वाले आरपीएफ जवान ने कहा था 'यह 2008 का बदला है' : प्रत्यक्षदर्शी

**मुंबई :** जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस में जुलाई 2023 में गोलीबारी करने वाले रेलवे सुरक्षाबल (आरपीएफ) के जवान ने घटना को अंजाम देने के बाद कहा था कि 'यह 2008 का बदला है'। यह जानकारी मामले में एक प्रत्यक्षदर्शी ने अदालत में सोमवार को दी गई गवाही में दी। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उसने देखा की कि दाढ़ी वाला व्यक्ति खून से लथपथ है और आरपीएफ जवान नजदीक राइफल लेकर खड़ा है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के पूर्व आरक्षी चेतन सिंह चौधरी पर 31 जुलाई, 2023 को महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन के पास जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अपने वरिष्ठ सहयोगी, सहायक उप-निरीक्षक टीका राम मीणा और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। चौधरी को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। चौधरी ने शयनयान के जिस एस-6 डिब्बे में घटना को अंजाम दिया था उसी में प्रत्यक्षदर्शी जीएसटी अधिकारी यात्रा कर रहे थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वाई बी पठान (डिंडोशी कोर्ट) के समक्ष गवाही देते हुए प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह छुट्टी से मुंबई लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह भयावह दृश्य देखकर डर गया और डिब्बे के दूसरी ओर चलने लगा, इसी दौरान उसने आरपीएफ कर्मी को यह कहते सुना, ''यह 2008 का बदला है।'' आरोपी का यह बयान कथित तौर पर 2008 में 26 नवंबर को मुंबई पर हुए आतंकवादी हमलों के संदर्भ में था। इस हमले को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने कई समन्वित हमलों में अंजाम दिया और 60 घंटे तक चले संकट में 166 लोग मारे गए थे।

## धर्मेंद्र अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर लेकिन स्थिर



**मुंबई :** कई दिनों से अस्पताल में भर्ती जानेमाने अभिनेता धर्मेंद्र की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है। फिल्म जगत के एक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। अभिनेता धर्मेंद्र (89) को दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में कई बार भर्ती कराया गया है। नाम गुप्त रखने की शर्त पर एक अंदरूनी सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, धरम जी की हालत अच्छी नहीं है। बेटे सनी देओल के प्रतिनिधि ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि शोले स्टार धर्मेंद्र वेंटिलेटर पर हैं। जनसंपर्क (पीआर) प्रतिनिधि ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''धर्मेंद्र की हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। आगे की टिप्पणी और अद्यतन जानकारी उपलब्ध होने पर साझा की जाएगी। सभी से अनुरोध है कि उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करें और परिवार के निजता के अधिकार का सम्मान करें।'' अभिनेता धर्मेंद्र के बेटे सनी, पत्नी हेमा मालिनी और बेटी ईशा देओल उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे थे।

## दिल्ली-एनसीआर के 80 प्रतिशत परिवारों में एक या एक से अधिक लोग जहरीली हवा से जूझ रहे हैं: सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में पिछले चार हफ्तों के दौरान हर 10 में से आठ परिवार में एक या एक से अधिक सदस्य को जहरीली हवा से परेशानी हुई है, जबकि दस में से चार परिवार में चार या अधिक लोग इस कारण बीमार पड़ गए हैं। लोकल सर्कल्स के सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है। सर्वेक्षण में दिल्ली-एनसीआर के निवासियों से पूछा गया था, पिछले चार हफ्तों में आपके परिवार में (बच्चों समेत) कितने लोग जहरीली हवा



या प्रदूषण से प्रभावित हुए? इस सवाल के जवाब में दिल्ली-एनसीआर के 18,253 निवासियों में से 36 प्रतिशत ने बताया कि उनके परिवार के चार या इससे अधिक सदस्य जहरीली हवा से प्रभावित हुए। वहीं, 21 प्रतिशत ने कहा कि उनके परिवार में दो से तीन सदस्य इस समस्या से प्रभावित हुए, जबकि उतनी ही संख्या में लोगों ने बताया कि उनके परिवार के एक सदस्य को प्रदूषण संबंधित समस्याएं हुईं। सर्वेक्षण में दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद के निवासियों से 53,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। इस सर्वेक्षण में 61 प्रतिशत उत्तरदाता पुरुष थे जबकि 39 प्रतिशत महिलाएं थीं।

### केंद्र ने अक्टूबर में 1.44 लाख जन शिकायतों का निस्तारण किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों ने अक्टूबर में 1,44,503 लोक शिकायतों का निस्तरण किया है, जबकि सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कुल 63,305 ऐसे मामलों का निपटारा किया गया है। भूमि संसाधन विभाग, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड, तथा आयुष मंत्रालय उन केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में शामिल हैं, जिन्होंने सबसे अधिक मामलों का निस्तारण किया, जबकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उत्तर प्रदेश और हरियाणा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रहे।प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने अक्टूबर 2025 के लिए केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) मासिक रिपोर्ट जारी की है, जो लोक शिकायतों के प्रकार और श्रेणियों और निपटान की प्रकृति की विस्तृत जानकारी देती है। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर में केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों ने कुल 1,44,503 जन शिकायतों का निवारण किया गया, जबकि

## मादक पदार्थ व अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई में अफ्रीकी देशों के 260 लोग गिरफ्तार: दिल्ली पुलिस

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में मादक पदार्थों की तस्करी और विदेशी नागरिकों के अवैध प्रवास के खिलाफ समन्वित कार्रवाई में, दिल्ली पुलिस ने अफ्रीकी देशों के 260 लोगों को पकड़ा है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।ऑपरेशन क्लीन स्वीप नाम की पुलिस कार्रवाई रविवार को द्वारका, पश्चिम और बाहरी जिलों में की गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिमी रेंज) जतिन नरवाल ने कहा, यह अभियान मादक पदार्थों के खतरे को जड़ से खत्म करने और निर्धारित समय से अधिक समय तक रहने वाले या बिना दस्तावेज वाले विदेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जारी अभियान का हिस्सा था। अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई उन कई शिकायतों के बाद की गई है, जिनमें विदेशियों के बिना वैध दस्तावेजों के रहने और मकान मालिकों द्वारा बिना उचित सत्यापन के अपने परिसर को किराये पर देने की शिकायतें मिली थीं। यह



अभियान द्वारका, बिंदापुर, डाबरी, उत्तम नगर, मोहन गार्डन, तिलक नगर, निहाल विहार और अन्य आसपास के इलाकों में एक साथ चलाया गया। अकेले द्वारका जिले में, अफ्रीकी देशों के 210 लोगों को - जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे - कथित तौर पर बिना वैध दस्तावेजों के रहने और मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पश्चिमी जिला पुलिस ने अफ्रीका से 45 लोगों को हिरासत में लिया, जबकि बाहरी जिला पुलिस ने 21 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा, सत्यापन प्रक्रिया के दौरान कई लोगों के वीजा की अवधि समाप्त हो चुकी थी या वे अवैध थे। पकड़े गए कुछ लोगों के पास से मादक पदार्थ भी बरामद किए गए, जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई में उन मकान मालिकों को भी निशाना बनाया गया जिन्होंने कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किए बिना अपने मकान विदेशी नागरिकों को किराए पर दे दिए थे।

# फिटनेस के लिहाज से हम अभी उस स्थिति में नहीं हैं जहां हम होना चाहते हैं: गंभीर



**नयी दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है जहां वह पहुंचना चाहती है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है। गंभीर ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस को अगले स्तर पर ले जाने की ज़रूरत है क्योंकि खिताब बचाने की तैयारी भारत घरेलू मैदान पर कर रहा है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है। हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे।' उन्होंने कहा, 'फिटनेस के नजरिए से मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप से पहले हम अभी उस मुकाम पर नहीं पहुंचे हैं जहां पहुंचना चाहते हैं। यही बात हमने खिलाड़ियों से भी की है। हम पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त रहना चाहते हैं। हम फिट रहना चाहते हैं। हम तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। भारतीय कोच ने कहा, 'हम जितने ज्यादा फिट होंगे, मानसिक रूप से उतने ही मजबूत होंगे। क्योंकि दबाव वाले मैच और दबाव वाली स्थिति में आप जितने ज्यादा शारीरिक रूप से मजबूत होंगे, मानसिक रूप से भी उतने ही मजबूत होंगे। हमारे पास अभी भी तीन महीने हैं।' टी20 विश्व कप अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। गंभीर ने हाल ही में भारत के एशिया कप के विजयी अभियान के दौरान पावरप्ले में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर कराने के पीछे के तर्क पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'बहुत से लोग इस टी20 टीम को एक बेहद आक्रामक बल्लेबाजी क्रम के रूप में देखते हैं। मेरे हिसाब से, पहले छह ओवरों में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर गेंदबाजी कराना और भी आक्रामक विकल्प था। हम ऐसी टीम नहीं बनना चाहते जिसकी पहचान सिर्फ आक्रामक बल्लेबाजी क्रम हो। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो कुल मिलाकर एक आक्रामक टीम के रूप में जानी जाए।'

### टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए हमारे पास अभी तीन महीने हैं

**नयी दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है जहां वह पहुंचना चाहती है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है। गंभीर ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने 46 सेकंड की क्लिप में कहा, 'यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है तथा हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे। मुझे लगता है कि हम अभी भी उस स्थिति में नहीं हैं जहां हम टी20 विश्व कप तक पहुंचना चाहते हैं।'

## खेल मंत्रालय ने 25 खेलों में 320 सहायक कोच की नियुक्ति को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली:** खेल मंत्रालय ने ओलंपिक और एशियाई खेलों के लिए अपनी पदक रणनीति के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्रों में 25 खेलों के लिए 320 सहायक कोचों की भर्ती को मंजूरी दे दी है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि जल क्रीड़ा, साइकिलिंग और टेनिस जैसे खेल सहित उन खेलों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें भारतीय खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन उनमें पदक जीतने की अपार संभावनाएं हैं। मांडविया ने कहा, 'इसमें साई केंद्रों के प्रमुख खेलों को शामिल किया जाएगा। चयन प्रक्रिया योग्यता आधारित और पारदर्शी होगी और इसमें केवल वे ही शामिल होंगे जो अपने-अपने क्षेत्र में अव्वल या लाइसेंस धारक हैं।'

## एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 फाइनल में भारत ग्रुप सी में जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ

**नयी दिल्ली:** भारत को अगले साल थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फाइनल के कड़े ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। ड्रॉ बैंकॉक में आयोजित किया गया। बीस साल बाद महाद्वीपीय महिला अंडर-20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत जापान के खिलाफ करेगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और फिर चीनी ताइपे से भिड़ेगी। गत उपविजेता जापान इस टूर्नामेंट का रिकॉर्ड छह बार का चैंपियन है और 2018 में फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप चैंपियन और 2024 का उप विजेता भी है। ऑस्ट्रेलिया 2024 में तीसरे स्थान पर रहा जबकि चीनी ताइपे ग्रुप में ही बाहर हो गया था। तीनों ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चार टीम पोलैंड में होने वाले 2026 फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# महिला जूनियर विश्व कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी ज्योति

**नयी दिल्ली:** हॉकी इंडिया ने चिली के सैंटियागो में 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप के लिए ज्योति सिंह की अगुवाई में 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार खांडेकर की कोचिंग वाली 20 सदस्यीय टीम में 18 मुख्य खिलाड़ी और दो वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। मुख्य कोच खांडेकर ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'मैं टीम और उसके मौजूदा प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। मेरा मुख्य सिद्धांत अनुशासन है और इस टीम को बनाते समय मैंने इसे ध्यान में रखा है। हमने कड़ी मेहनत की है तथा पिछले कुछ महीनों में हमारे खिलाड़ियों ने अपने खेल में काफी सुधार किया है।' भारत को पूल सी में रखा गया है और वह अपने अभियान की शुरुआत एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह तीन दिसंबर को जर्मनी और फिर पांच दिसंबर को आयरलैंड का सामना करेगा। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। खांडेकर ने कहा, 'हम सभी चिली की यात्रा के लिए तैयार और उत्साहित हैं। लड़कियां विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से प्रेरित हैं।'



भारतीय जूनियर महिला टीम: गोलकीपर - निधि, एंगिल हर्षा रानी मिंज डिफेंडर - मनीषा, लालथनलुआलांगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू, नंदिनी। मिडफील्डर - साक्षी राणा, इशिका, सुनेलिता टोप्पो, ज्योति सिंह, खैदेम शिलेमा चानू, बिनिमा धान फॉरवर्ड - सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो और सुखवीर कौर। वैकल्पिक खिलाड़ी-- प्रियंका यादव, पार्वती टोपनो।

## मनु, ईशा विश्व चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल में पदक से चूकीं

**काहिरा:** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और कई एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह सोमवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पदक जीतने से चूक गयी। पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम कांस्य पदक विजेता मनु का फाइनल में प्रदर्शन अच्छा चल रहा था लेकिन 14वें निशाने में 8.8 का खराब स्कोर करने के कारण वह शीर्ष स्थान से फिसलकर सातवें स्थान पर आ गईं और 139.5 अंक के साथ पदक की दौड़ से बाहर हो गयी। हाल ही में चीन के निंगबो में विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने वाली ईशा भी दबाव में धैर्य नहीं दिखा सकी।

# दक्षिण अफ्रीका की टीम कोलकाता पहुंची, बावुमा टीम से जुड़े



**कोलकाता:** विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत के खिलाफ शुक्रवार से ईडन गार्डंस में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए यहां पहुंच गई है। बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ मैच खेलने के बाद कप्तान तेम्बा बावुमा भी टीम से जुड़ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम का पहला बैच रविवार को यहां पहुंच गया था जिसमें मुख्य कोच शुकरी कोनराड, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और मार्को यानसन तथा पाकिस्तान में सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका टीम के स्थानीय मैनेजर ने पीटीआई को बताया, 'बावुमा एक अन्य खिलाड़ी और कुछ अधिकारियों के साथ आज सुबह बेंगलुरु से यहां पहुंचे। मुख्य कोच सहित टीम के अधिकतर सदस्य रविवार को ही पहुंच गए थे। संभावना है कि दोनों टीम मंगलवार से अभ्यास शुरू करेंगी।' बावुमा पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने मैच अभ्यास के लिए भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में हिस्सा लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा पहली पारी में शून्य पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 101 गेंदों में 59 रन की पारी खेली, जिससे उनकी टीम रविवार को समाप्त हुए इस मैच में जीत हासिल करने में सफल रही थी। मध्यक्रम के बल्लेबाज जुबैर हमजा भी बेंगलुरु में दोनों मैच खेलने के बाद यहां मुख्य टीम में शामिल हो गए। जहां तक भारतीय टीम की बात है तो आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से लौटने वाला दल रविवार को देर रात यहां पहुंच गया। इनमें मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल शामिल हैं। बाकी खिलाड़ियों के अलग-अलग बैच में यहां पहुंचने की संभावना है। भारत ने 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत गिल के नेतृत्व में की। भारत ने उनकी कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने घरेलू श्रृंखला में वेस्टइंडीज़ का 2-0 से सफाया किया।

# इंग्लैंड में खेलने से इनकार करने पर शमी की वापसी की संभावना पड़ सकती है क्षीण



**नयी दिल्ली:** मोहम्मद शमी ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी में 93 ओवर गेंदबाजी कर ली है लेकिन भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक का दोबारा टेस्ट क्रिकेट में खेलना मुश्किल लग रहा है और उनकी वनडे टीम में भी नीली जर्सी पहनने की संभावना कम ही दिख रही है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था लेकिन उसके बाद से उन्हें किसी भी प्रारूप की टीम में नहीं चुना गया। वह 2023 में वनडे विश्व कप के बाद एड़ी की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से बाहर रहे थे। उन्हें इस चोट से निजात पाने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। वर्तमान समय में भारतीय क्रिकेट जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है उसे देखते हुए ऐसी संभावना नहीं लगती है कि शमी तीनों प्रारूपों में अब तक खेले गए 197 अंतरराष्ट्रीय मैचों में और मैच जोड़ पाएंगे। वह टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में ही राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ गए हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और आकाशदीप के रूप में भारत के पास अच्छे विकल्प हैं। ऐसा लगता है कि उनके लिए अब केवल एक दिवसीय क्रिकेट ही बचा है। अगला वनडे विश्व कप 2027 में होगा और तब तक शमी 37 साल के हो जाएंगे। ऐसे में भारतीय टीम एक उम्र दराज तेज गेंदबाज को की टीम में रखने का जोखिम नहीं उठाएगी क्योंकि शमी का करियर चोटों से जुड़ा रहा है, जिसमें घुटने की समस्या भी शामिल है। शमी राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं और उन्होंने खुलकर कहा है कि चयनकर्ताओं ने उनसे कोई बातचीत नहीं की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र हालांकि ऐसा नहीं मानते हैं। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया, 'कई बार ऐसा हुआ है कि राष्ट्रीय चयनकर्ता और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के सहयोगी स्टाफ ने शमी का हालचाल जानने के लिए फोन किया है। चयन समिति इंग्लैंड में उनकी सेवाएं लेने के लिए बेताब थी, क्योंकि जसप्रीत बुमराह तीन टेस्ट से ज्यादा नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड की परिस्थितियों में कौन उनके स्तर का गेंदबाज नहीं चाहेगा।' उनका इशारा इस साल की शुरुआत में भारत द्वारा 2-2 से ड्रॉ की गई श्रृंखला की ओर था। पता चला है कि चयन समिति के एक वरिष्ठ सदस्य ने शमी को कई संदेश भेजकर उनकी फिटनेस के बारे में पूछताछ की और उनसे कैंटरबरी या नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की तरफ से कम से कम एक मैच खेलने का अनुरोध किया।



# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी, आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 319 अंक चढ़ा



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 319 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 25,500 अंक के ऊपर बंद हुआ। मुख्य रूप से आईटी और वित्तीय शेयरों में लिवाली और अमेरिका में विभिन्न विभागों में कामकाज फिर से सुचारू होने के मामले में मिली सफलता से वैश्विक बाजारों में तेजी का घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 319.07 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 83,535.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सूचकांक 538.21 अंक चढ़कर 83,754.49 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 82.05 अंक यानी 0.32 प्रतिशत के लाभ के साथ 25,574.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 161.15 अंक चढ़कर 25,653.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, टाइटन, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो को लाभ हुआ। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट लि., इटर्नल, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी सरकार के कई विभागों में कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और दूसरी तिमाही में कंपनियों की अनुकूल आय के साथ एफआईआई की नई खरीदारी ने बाजार में सकारात्मक धारणा को बल दिया। अमेरिका के 10-वर्षीय ट्रेजरी प्रतिफल में वृद्धि संघीय सरकार का कामकाज फिर से शुरू होने तथा इक्विटी के प्रति जोखिम की धारणा में सुधार को दर्शाती है।' नायर ने कहा कि घरेलू स्तर पर, मजबूत होते व्यापक आर्थिक संकेतक वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही के लिए आय बेहतर रहने का संकेत देते हैं। यह मौजूदा मूल्यांकन की पुष्टि करता है और नकदी को आकर्षित कर सकता है।

## भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन 2026 में होगा बेहतर, निफ्टी में 14 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान: गोल्डमैन



**मुंबई:** अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन शैक्स ने सोमवार को भारतीय शेयर बाजार को लेकर अपने अनुमान को बढ़ाया है। इसने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में अधिक लिवाली से एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी सूचकांक 2026 के अंत तक 14 प्रतिशत बढ़कर 29,000 अंक तक पहुंच सकता है। इस साल शेयर बाजार के हल्के प्रदर्शन के बाद गोल्डमैन शैक्स ने यह अनुमान जताया है। ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि 2025 में अबतक इक्विटी में 'मामूली' तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जबकि उभरते बाजारों के लिए यह सबसे मजबूत वर्षों में से एक रहा है, जिसमें 30 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है। गोल्डमैन शैक्स ने कहा, 'शेयर बाजार का यह कमतर प्रदर्शन पिछले दो दशक में सबसे कमजोर है। इसका कारण उच्चतम शुरुआती मूल्यांकन और चक्रीय वृद्धि और लाभ में नरमी का अनुमान रहा।'

## डब्ल्यूटीओ में भारत के दावे पर अमेरिका ने कहा, तांबे पर शुल्क रक्षोपाय नहीं

**नयी दिल्ली:** अमेरिका ने भारत के इस दावे को खारिज किया है कि वाशिंगटन का तांबे पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाना, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत रक्षोपाय (सेफगार्ड) है। अमेरिका ने कहा कि उसकी वस्तुओं पर शुल्क रियायतों को निलंबित करने के भारत के प्रस्ताव का कोई आधार नहीं है। ये शुल्क एक अगस्त को लगाए गए थे। भारत अमेरिका को तांबे के उत्पादों का निर्यात करता है, इसलिए उसने सितंबर में डब्ल्यूटीओ के सुरक्षा समझौते के तहत इस मामले पर अमेरिका से परामर्श की मांग की है। भारत ने कहा कि ये शुल्क रक्षोपाय हैं। भारत की अधिसूचना के जवाब में अमेरिका की ओर से छह नवंबर को जारी एक पत्र के अनुसार, ''ये कदम रक्षोपाय नहीं हैं। इसलिए इन उपायों के संबंध में सुरक्षा समझौते के तहत रियायतों या अन्य दायित्वों को निलंबित करने के भारत के प्रस्ताव का कोई आधार नहीं है।' डब्ल्यूटीओ का कोई भी सदस्य देश घरेलू उद्योग को किसी भी ऐसे उत्पाद के आयात में वृद्धि से बचाने के लिए, जो उद्योग को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा हो या पहुंचा सकता हो, डब्ल्यूटीओ के सुरक्षा समझौते के तहत रक्षोपाय कर सकता है। इसके तहत किसी उत्पाद के आयात को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित या सीमित किया जा सकता है। रक्षोपाय लागू करने से पहले किसी सदस्य देश को जांच करनी होती है और अन्य सदस्यों को इस बारे में बताना होता है।

## ह्युंडई ने पेश की नई वेन्यू और वेन्यू एन लाइन

**गुरुग्राम, समाज्ञा :** ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने नई ह्युंडई वेन्यू और वेन्यू एन लाइन को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया है। नई वेन्यू अब पहले से अधिक लंबी, चौड़ी और ऊंची है। इसमें 12.3 इंच का डुअल कर्व्ड पैनोरमिक डिस्प्ले, एनवीडिया आधारित सीसीएनसी सिस्टम और 65 से अधिक सुरक्षा फीचर दिए गए हैं। यह एसयूवी अब और भी स्मार्ट, आकर्षक और कनेक्टेड अनुभव प्रदान करती है। नई वेन्यू एन लाइन में 32 विशेष स्पोर्टी बदलाव किए गए हैं, जिनमें विंग टाइप स्पॉइलर, ट्विन टिप एग्जॉस्ट, रेड ब्रेक कैलिपर्स और ब्लैक इंटीरियर शामिल हैं। यह मॉडल एडीएएस लेवल-2 तकनीक और 70 से अधिक उन्नत सुरक्षा फीचर्स से लैस है। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री उनसू किम ने कहा कि यह लॉन्च भारत में ह्युंडई की नवाचार और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नई वेन्यू की शुरुआती कीमत 7.89 लाख (एक्स-शोरूम) रखी गई है।

## अकासा एयर को बोइंग विमानों की आपूर्ति में तेजी की उम्मीद;जल्द ही दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें होंगी शुरू




**नयी दिल्ली:** विमान कंपनी अकासा एयर जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी से विदेशी उड़ानें शुरू करेगी और उसे बोइंग से विमानों की आपूर्ति में भी तेजी से होने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अगस्त 2022 में उड़ान शुरू करने वाली इस विमान कंपनी के पास वर्तमान में 30 विमानों का बेड़ा है। यह 24 घरेलू और छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित करती है। अकासा एयर के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने कहा, 'हम जल्द ही दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेंगे।' विमान कंपनी वर्तमान में दिल्ली से प्रतिदिन 24 उड़ानें संचालित करती हैं। राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि विमान कंपनी सिंगापुर, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया, वियतनाम और ताशकंद सहित विभिन्न विदेशी गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित करने पर विचार करेगी। अकासा एयर वर्तमान में छह अंतरराष्ट्रीय शहरों दोहा (कतर), जेद्दा, रियाद (सऊदी अरब), अबू धाबी (यूएई), कुवैत सिटी (कुवैत) और फुकेत (थाईलैंड) के लिए उड़ान भरती है। विमान कंपनी ने कुल 226 बोइंग 737 मैक्स विमानों का ठेका दिया है। उसे विमानों की आपूर्ति में देरी का सामना करना पड़ रहा है।

## सीतारमण ने अगले वित्त वर्ष के बजट के लिए अर्थशास्त्रियों के साथ की बैठक



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2026-27 की तैयारियों को लेकर सोमवार को प्रमुख अर्थशास्त्रियों से मुलाकात की और आगामी बजट पर उनके विचार जाने। बैठक में साजिद चिनॉय, नीलकंठ मिश्रा, धर्मकीर्ति जोशी, रिधम देसाई, सोनल वर्मा और इंदिरा राजारमन मौजूद थे। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज (सोमवार) नयी दिल्ली में आगामी आम बजट 2026-27 के संबंध में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ परामर्श बैठक की अध्यक्षता की।' इसमें कहा गया, 'बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के अलावा डीईए के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।' सीतारमण के एक फरवरी को बजट पेश कर सकती हैं। वह वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं और भारत से निर्यात होने वाले सामान पर अमेरिका के 50 प्रतिशत के भारी शुल्क के बीच बजट पेश करेंगी। अगले वित्त वर्ष के बजट में मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को आठ प्रतिशत से अधिक की निरंतर वृद्धि दर पर लाने के मुद्दों पर ध्यान देना होगा। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था 6.3-6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ेगी।

## न्यूज अपडेट

### सोना 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी 2,460 रुपये चढ़ी

**नयी दिल्ली:** मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार के 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। एसोसिएशन के अनुसार, इसके अलावा, सोमवार को चांदी की कीमतें 2,460 रुपये बढ़कर 1,55,760 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। शुक्रवार को यह 1,53,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### जेके टायर ने भारत में पेश किए देश के पहले 'एम्बेडेड स्मार्ट' टायर, 5,000 करोड़ रुपये का करेगी निवेश

**नयी दिल्ली:** वाहनों के लिए टायर बनाने वाली कंपनी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सोमवार को भारत के यात्री वाहन खंड के लिए देश के पहले 'एम्बेडेड स्मार्ट' टायर पेश किए। कंपनी ने यह भी कहा कि वह अगले पांच से छह वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की योजना बना रही हैं। इस निवेश का मकसद टायर विनिर्माण की क्षमता बढ़ाना है। कंपनी के अनुसार, मध्य प्रदेश स्थित बानमोर संयंत्र में डिजाइन और विकसित किए गए इन टायरों में टायर की संरचना के भीतर उन्नत सेंसर लगाए गए हैं। ये सेंसर लगातार वायु दाब, तापमान और संभावित वायु रिसाव जैसे महत्वपूर्ण मानकों की निगरानी करते हैं और चालक को त्वरित जानकारी उपलब्ध कराते हैं जिससे वाहन की सुरक्षा, प्रदर्शन और ईंधन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होता है।

### लेंसकार्ट का शेयर पहले दिन के कारोबार में मामूली बढ़त में

**नयी दिल्ली:** चश्मों की खुदरा कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस के शेयर ने सोमवार को बाजार में कमजोर शुरुआत की। हालांकि, अंत में यह मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 2.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 390 रुपये पर शुरुआत की। बाद में यह 11.52 प्रतिशत लुढ़कर 355.70 रुपये पर आ गया। शेयर ने हालांकि जल्द ही सारा नुकसान कम कर लिया और 2.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 413.80 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 0.32 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 403.30 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर शेयर 1.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 395 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। अंत में शेयर 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 404.55 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन एनएसई पर 70,184.17 करोड़ रुपये रहा।

### ट्राई 'इंटरकनेक्शन' नियमों की करेगा समीक्षा, परिचर्चा पत्र जारी

**नयी दिल्ली:** दूरसंचार नियामक ट्राई सभी नौ मौजूदा इंटरकनेक्शन नियमों की समीक्षा कर रहा है। उसने उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क के लिए अन्य दूरसंचार नेटवर्कों के साथ इंटरकनेक्ट ढांचे सहित कई पहलुओं पर संबंधित पक्षों के सुझाव मांगे हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि कुल मिलाकर, समीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नियामकीय ढांचा प्रौद्योगिकी के विकास और दूरसंचार क्षेत्र में बदलावों को ध्यान में रखे। सेवा प्रदाताओं के बीच इंटरकनेक्शन के दौरान वर्तमान में लागू विभिन्न शुल्कों से संबंधित नियामक पहलुओं, जैसे इंटरकनेक्शन शुल्क, इंटरकनेक्शन उपयोग शुल्क (उत्पत्ति शुल्क, पारगमन शुल्क, कैरिज शुल्क, ट्रांजिट कैरिज शुल्क, समाप्ति शुल्क और अंतरराष्ट्रीय समाप्ति शुल्क) और रेफरेंस इंटरकनेक्ट ऑफर (आरआईओ) ढांचे की भी परामर्श पत्र के माध्यम से पड़ताल की जा रही है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3409 अंक 219, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in